RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 182 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, सोमवार 9 मई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in





पेज -3 पर

हरा सोना तेंदूपत्ता की खरीदी हुई शुरू ग्रामीणों में भारी उत्साह ...



विधायक चक्रधर सिंह ने खैरपुर एवं सीतापुर में सांस्कृतिक मंच का किया लोकार्पण

पेज -8 पर

## एक नजर

### महुआ शराब बनाने की फैक्ट्री पर पुलिस का छापा



250 लीटर महुआ शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**महासमुंद ।** बसना शहर में अवैध रूप से महुआ शराब बनाने की फैक्ट्री पर पुलिस ने छापा मारा है। पुलिस ने यहां से बड़ी मात्रा में महुआ शराब के साथ इसे बनाने की सामग्री जब्त की है। यहां से पुलिस को कुल 250 लीटर अवैध महुआ शराब मिली है, जिसकी कीमत 50 हजार रुपए आंकी गई है। साइबर सेल और बसना पुलिस की संयुक्त टीम ने वार्ड 12 गुरुनानक धर्मशाला के पीछे दबिश दी। यहां 3 संदिग्ध व्यक्ति मिले। पुलिस ने जब उनके घर में दबिश दी तो शराब तैयार करने की फैक्ट्री और 250 लीटर महुआ शराब मिली। संयुक्त कार्रवाई में थाना बसना प्रभारी लेख राम ठाकुर, साइबर सेल प्रभारी संजय सिंह राजपूत आदि थे। पुलिस की टीम ने मौके से गुरूनानक धर्मशाला के पीछे थाना बसना निवासी प्रकाश ओगरे (26), संजय चतुर्वेदी (32), तेजराम रत्नाकर (34) को मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कुल 250 लीटर देशी महुआ शराब जब्त की है।

# गांजे की पेट्रोलिंगःकार में 105 किलो गांजा, दूसरी गाड़ी से कर रहे थे पायलेटिंग



**पेंड्रा।** मादक पदार्थ के तस्कर ने अब गांजा को भी VIP सिक्योरिटी देनी शुरू कर दी है। छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (GPM) जिले में पुलिस ने ऐसे ही एक मामले में 4 गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। हालांकि उनके तीन साथी भाग निकले। पकड़े गए आरोपी एक कार में गांजा भरे हुए थे, जबकि दूसरी गाड़ी से पायलेटिंग कर रहे थे। आरोपियों के पास से 105 किलो गांजा सहित 34.50 लाख रुपए का सामान जब्त किया गया है। मामला पेंड्रा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग दो कारों में गांजा की तस्करी कर रहे हैं। वह ओडिशा से गांजा लेकर मध्य प्रदेश की ओर जाने की फिराक में हैं। इस पर पुलिस ने सरखोर चौक बसंतपुर में नाकाबंदी की। इस दौरान सफेद रंग की अर्टिका कार आती दिखाई दी। उसके आगे सफेद रंग की एक अन्य कार पायलेटिंग करते हुए आ रही थी। इस पर पुलिस ने दोनों कारों को रुकवा लिया और जांच शुरू की। पायलेटिंग कार में 2 लोग बैठे थे। पूछने पर खुद को रीवा के गढ़ में कलवारी निवासी दीपक पटेल और अनूपपुर के कोतमा बगईहाटोला निवासी सुरेश साहू बताया। इसके बाद पुलिस ने पीछे अर्टिका कार की तलाशी ली तो उसमें डिग्गी और सीट के नीचे एक-एक किलो के 105 गांजे के पैकेट बरामद हुए। इस पर पुलिस ने कार सवार रीवा के शारदा पुरम निवासी प्रशांत सेन और चालक शहडोल के जैतपुरनिवासी सोनू प्रसाद महरा को हिरासत में ले लिया।

### ओडिशा से गांजा खरीद रीवा लौट रहे थे

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों वाहनों में गांजा खरीदने के लिए रीवा से ओडिशा गए थे। वहां से गांजा लेने के बाद रीवा लौटने के लिए संबलपुर, रायगढ़, जांजगीर, बिलासपुर होते हुए पेंड्रा पहुंचे थे। आरोपियों ने यह भी बताया कि नाकाबंदी होने के चलते उनके तीन साथी छोटू साह, दीपक रजक और सुमित सेन उर्फ अज्जू अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। आरोपियों से 21 लाख का गांजा, 13 लाख की 2 कार, 4 मोबाइल जब्त किए गए हैं।

**प्रेमनगर-उमेश्वरपुर में लो-वोल्टेज समस्या दूर करने बनेगा विद्युत सब-स्टेशन, गेज नदी पर नए पुल निर्माण की घोषणा**

# राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए उमेश्वरपुर में गठित होगी नवीन उप तहसीलः मुख्यमंत्री बघेल

**पेयजल की समस्या वाले गांव में सौर ऊर्जा चलित पम्प के माध्यम से होगी पेयजल की व्यवस्था**

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भेंट-मुलाकात अभियान के पांचवें दिन प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नवापाराकला में आयोजित सभा में ग्रामीणों से चर्चा के दौरान उनके आग्रह पर क्षेत्र में विकास कार्यों और जन-सुविधाओं से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की।



मुख्यमंत्री ने नवापाराकला गेजी मार्ग में गेज नदी पर नए पुल के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने प्रेमनगर-उमेश्वरपुर क्षेत्र में लो-वोल्टेज की समस्या के निराकरण एवं निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति के लिए नये विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना, राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं प्रशासनिक कसावट के लिए उमेश्वरपुर में नवीन उप तहसील के गठन की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पेयजल की समस्या से जूझ रहे गांवों में सौर ऊर्जा चलित पम्प के माध्यम से पेयजल की सुविधा देने, प्रेमनगर के उच्चतर माध्यमिक स्कूल के लिए नवीन भवन, चौरी पहाड़ स्थित देवस्थल में सुविधाओं के विस्तार, मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के तहत किए जाने वाले कार्यों की स्वीकृति की भी घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां आवश्यकता होगी वहां सौर ऊर्जा चलित पम्प के माध्यम से सिंचाई सुविधा का विस्तार किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना से सड़कों का होगा सुधार**

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आमजनता से भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में कहा कि मैं यह जानने निकला हूं कि शासन की योजना का लाभ आमजन को मिल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोगों को नियमों के तहत अभियान चलाकर वन अधिकार मान्यता पत्र वितरित किए जाए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली बार रिकॉर्ड 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। छत्तीसगढ़ में धान का जितना मूल्य मिल रहा है उतना पूरे देश में कहीं नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने गौ-माता की सेवा की है, गोबर खरीद रहे हैं और आगे गौमूत्र भी खरीदेंगे। गौमाता की तरह हमें धरती माता की भी सेवा करनी है, इसके लिए खेतों में वर्मी कम्पोस्ट का उपयोग करना होगा जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी।



भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान प्रेमनगर विकासखण्ड सरपंच संघ के अध्यक्ष श्री पुष्पेंद्र मरकाम ने पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू करने पर मुख्यमंत्री श्री बघेल को संघ की ओर से धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने सरपंच संघ के अध्यक्ष द्वारा पंचायत के कार्यों में कमीशन की शिकायत पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी कोई पर्टिकुलर शिकायत हो तो बताएं, इसकी जांच करा के कार्यवाई की जाएगी। ईओडब्ल्यू, थाने या स्वयं उनसे या जनप्रतिनिधियों से इसकी शिकायत की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि इसकी जांच कराकर कार्यवाई की जाएगी।




हसदेव अरण्य क्षेत्र बचाने **AAP** का हल्लाबोल

# बोले-सरकार को नहीं है आदिवासियों की चिंता, इसलिए दे रहे खनन की अनुमति

**बिलासपुर।** बिलासपुर में आम आदमी पार्टी ने हसदेव अरण्य क्षेत्र को बचाने और पेड़ों की कटाई के विरोध में रविवार की शाम प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार को आदिवासियों के संवैधानिक अधिकारों की कोई चिंता नहीं है। इसलिए हसदेव अरण्य क्षेत्र के जंगल की कटाई कर खनन की अनुमति दे दी गई है। आम आदमी पार्टी के छत्तीसगढ़ इकाई ने देवकीनंदन चौक पर शाम 5 बजे से लेकर 7 बजे तक हसदेव जंगल को काटने से रोकने के लिए राज्य सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए जमकर नारेबाजी की। प्रियंका शुक्ला ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार निजी कंपनी के मुनाफे के लिए आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार और पर्यावरण की चिंता किए बगैर हसदेव अरण्य क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ों की कटाई करवा कर रही है। कोषाध्यक्ष जसबीर सिंह ने कहा कि हसदेव अरण्य के जल, जंगल,जमीन, पर्यावरण, संस्कृति और रीति रिवाज को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी ने सड़क की लड़ाई लड़ रही है।

# राज्यपाल उइके से प्रतिनिधि मंडल ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** आज यहां राजभवन में राज्यपाल सुश्री उइके से रामपुर-कोरबा के पूर्व विधायक श्री श्यामलाल कंवर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने विभिन्न विषयों एव सामाजिक मुद्दों पर राज्यपाल से चर्चा की। इस अवसर पर गुंडरदेही- बालोद के पूर्व विधायक श्री आर.के. राय, श्रीमती आर.के. राय, श्रीमती इरमीन शाह, श्रीमती सरोज देवी, डॉ. निकिता साय एव सेवानिवृत न्यायाधीश श्री रघुवीर सिंह उपस्थित थे।

# बारातियों की भीड़ में मची भगदड़

DJ बजते ही पहुंची मधुमक्खियों ने किया हमला, एक की हालत गंभीर, दूल्हे ने खुद को कमरे में किया बंद

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में बारातियों की भीड़ में भगदड़ मच गई। यहां अचानक मधुमक्खियां पहुंच गई और 6 से ज्यादा लोगों का काट लिया। जिसकी वजह से लोग इधर-उधर भागने लगे। मधुमक्खियों के हमले से एक युवक घायल हुआ है। वहीं दूल्हे ने तो खुद को एक कमरे में ही बंद कर लिया था। मामा नगरी क्षेत्र के डोकाल गांव का है।



शनिवार को पालवाड़ी गांव से डोकाल गांव से बारात आई थी। बारात के लिए पंचायत भवन में रुकने का इंतजाम किया गया था। यहीं सब बाराती रुके हुए थे। सभी नास्ता करके बैठे थे। इसके बाद डीजे वाले ने डीजे बजाना शुरू कर दिया। बताया गया कि डीजे वाले ने डीजे बजाने के लिए जनरेटर का इस्तेमाल किया था। उसमें डीजल डाला गया था। इसके बाद सभी नाचने में व्यस्त हो गए। इतने में जनरेटर के धुएं से मधुमक्खियां भड़क गई और सीधे बारातियों पर टूट पड़ीं। बारातियों को पता ही नहीं चला कि वहां मधुमक्खियों का छत्ता है। मुधुमक्खियों के हमले के चलते वहां भगदड़ मच गई। बाराती इधर-उधर भागने लगे। दूल्हे ने तो खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। इधर, मधुमक्खियों ने एक के बाद एक 6 से ज्यादा लोगों पर हमला किया। इसमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद किसी तरह से मधुमक्खियों को शांत कराया गया और घायलों को अस्पताल ले जाया गया था।

# टीचर ने 14 साल की छात्रा से की अश्लील हरकत

संबंध बनाने के लिए दिया गाड़ी का लालच, 500 रुपए देकर कहा-किसी को मत बताना

**पेंड्रा।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (GPM) जिले में एक टीचर ने 14 साल की स्टूडेंट से अश्लील हरकत की। बाइक पर स्कूल ले जाने के बहाने उसे गाड़ी का लालच देकर संबंध बनाने का दबाव डाला। जब लड़की नहीं मानी तो स्कूल पहुंच 500 रुपए दिए और कहा कि किसी को यह सब मत बताना। छात्रा ने घर लौटकर परिजनों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। इसके बाद आरोपी टीचर फरार है। मामला मरवाही थाना क्षेत्र का है।



ये मास्टर जी गंदे हैं...!

सारा मामला मरवाही ब्लॉक के दूरस्थ स्कूल का है। यहां पढ़ने वाली 14 साल की छात्रा को टीचर विनोद राय अक्सर बाइक पर लेकर स्कूल जाता था। 19 अप्रैल को भी छात्रा स्कूल जाने के लिए गांव के पास खड़ी थी। इसी दौरान शिक्षक विनोद राय बाइक से आया और साथ में स्कूल चलने के लिए बोला। इस पर छात्रा उसके साथ बाइक पर बैठ गई। आरोप है कि कुछ दूर जाने के बाद आरोपी विनोद राय ने छात्रा से छेड़खानी और अश्लील हरकत शुरू कर दी।

**सौगात... मुख्यमंत्री ने सुमेरपुर को दी 56 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की सौगात**

# मुख्यमंत्री ने शिक्षकों के स्कूल नहीं आने और शौचालय निर्माण का पैसा नहीं मिलने की शिकायतों पर दिए जांच के निर्देश

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात अभियान के पांचवें दिन प्रेमनगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुमेरपुर में ग्रामीणों से रुबरु हुए। उन्होंने राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन के बारे में लोगों से फीडबैक लिया।





मुख्यमंत्री को ग्रामीणों ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना और नरवा गरवा घुरवा बारी कार्यक्रम से हो रहे लाभों के बारे में बताया और इन योजनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बताया की गोबर से अब पेंट भी बनाया जाएगा। इससे बिजली उत्पादन भी किया जाएगा। स्वसहायता समूहों की महिलाएं बिजली बनाएंगे और इसे बेचकर पैसा भी कमाएंगी। उन्होंने बताया कि सरकार अब गोबर के साथ गोमूत्र भी खरीदेगी ।इस अवसर पर विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री खेल साय सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. एस . भारतीदासन भी उपस्थित थे ।

भेंट-मुलाकात के दौरान स्कूल में शिक्षक नहीं आने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को इसकी जांच के निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2016-17 में ग्राम पंचायत को शौचालय निर्माण की राशि का अब तक का भुगतान नहीं होने के संबंध में शिकायत की जांच के लिए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों पर जरूर कार्रवाई की जाएगी।

**3 करोड़ की ड्रिल मशीन में लगी आग**

# ऑपरेटर और हेल्पर ने कूदकर बचाई जान, NMDC के डिपॉजिट नंबर 14 में चल रहा था काम

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में NMDC डिपॉजिट नंबर 14 में एक ड्रिल मशीन में आग लग गई है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। ड्रिल मशीन के ऑपरेटर और हेल्पर ने कूदकर अपनी जान बचाई है। वहीं जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे CISF के जवान आग बुझाने की कोशिश में लगे हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह ड्रिल मशीन करीब 3 करोड़ रुपए की थी। मामला किरंदुल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, किरंदुल स्थित NMDC के डिपॉजिट नंबर 14 में रोज की तरफ लौह उत्खनन का कार्य चल रहा था। ड्रिल मशीन से चट्टान को फोड़ा जा रहा था। इस बीच अचानक मशीन में आग लग गई। ड्रिल मशीन को ऑपरेट कर रहे NMDC कर्मी और हेल्पर तुरंत नीचे कूद गए। जिसके बाद NMDC कर्मियों ने फौरन इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को और CISF के जवानों को दी। सूचना मिलते ही जवान और अन्य NMDC कर्मी मौके पर पहुंच गए। चंद सेकेंड में यह ड्रिल मशीन पूरी तरह जल गई है। बताया जा रहा है कि आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल काम बंद कर दिया गया है।



# कैसे हो 'मेक इन इंडिया' संभव?

मई 2014 में केंद्र में सरकार बनाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिन शुरुआती योजनाओं की घोषणा की थी और जिनको भारत की तकदीर व तस्वीर बदलने वाला बताया गया था उनमें से एक योजना 'मेक इन इंडिया' की थी। प्रधानमंत्री ने इसे 25 सितंबर 2014 को लांच किया था। यह भारत को विनिर्माण का केंद्र बनाने के लिए लांच की गई योजना थी। कारोबार सुगमता को लेकर जो भी कदम उठाए गए उनका मकसद इस योजना को सफल बनाना था। लेकिन अफसोस की बात है कि यह योजना टेकऑफ नहीं कर सकी।

भारत विनिर्माण का केंद्र तो नहीं बन पाया उलटे घरेलू हालात ऐसे बने कि आईटी और आईटी आधारित सेवाओं का भी भारत केंद्र नहीं रहा।

'मेक इन इंडिया' योजना के तीन घोषित लक्ष्य थे। पहला, भारत के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण सेक्टर का हिस्सा 16 से बढ़ा कर 25 फीसदी करना। यह बहुत महत्वाकांक्षी लक्ष्य था, लेकिन जिस जोश-खरोश से यह योजना लांच हुई थी और इसकी जितनी बातें हो रही थीं, उससे यह लक्ष्य हासिल करना असंभव नहीं लग रहा था। दूसरा लक्ष्य था, विनिर्माण सेक्टर की विकास दर को 12 फीसदी तक ले जाना। यह लक्ष्य जीडीपी के आठ फीसदी से बढ़ने के अनुमान के आधार पर तय हुआ था। तीसरा लक्ष्य था, विनिर्माण सेक्टर में 10 करोड़ लोगों को रोजगार दिलाना। ध्यान रहे विनिर्माण सेक्टर को सबसे ज्यादा रोजगार सघनता वाला सेक्टर माना जाता है। इन तीनों लक्ष्यों में एक संगतता दिख रही थी। अगर विनिर्माण सेक्टर की सालाना विकास दर 12 फीसदी होती तो निश्चित रूप से जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी बढ़ती और रोजगार के अवसर भी बढ़ते। लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं हो सका।

ऐसा क्यों नहीं हुआ, इसके कारण तलाशेंगे तो कई कारण मिल जाएंगे। कोरोना वायरस की महामारी को एक बड़ा कारण बता दिया जाएगा। लेकिन महामारी तो मार्च 2020 में आई, जबकि योजना उससे करीब छह साल पहले लांच हुई थी! असल में इस तरह की महत्वाकांक्षी योजना को सफल बनाने के लिए जिस किस्म




के आक्रामक आर्थिक, सामाजिक व कानूनी सुधारों की जरूरत थी वह नहीं हुआ। इसका नतीजा यह हुआ कि जीडीपी में पहले, जहां विनिर्माण सेक्टर की हिस्सेदारी 16 फीसदी थी वह घट कर 13 फीसदी हो गई। सितंबर 2014 में योजना लांच होने के बाद से ही इसकी विकास दर कम होने लगी। और सबसे बुरा यह हुआ कि इस सेक्टर में रोजगार घट कर आधा रह गया। अशोका यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर इकोनॉमिक डाटा एंड एनालिसिस के मुताबिक विनिर्माण सेक्टर में रोजगार पांच करोड़ से घट कर 2.70 करोड़ रह गया। इसकी बजाय कृषि सेक्टर में ज्यादा लोगों को रोजगार मिलने लगा। सो, कुल मिला कर तीनों लक्ष्यों पर यह योजना असफल हो गई। तभी सवाल है कि क्या यह मान लिया जाए 'मेक इन इंडिया' योजना भारत में सफल ही नहीं हो सकती है? ऐसा नहीं है। कोरोना वायरस की महामारी ने अगर भारत की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया है तो देर से ही सही लेकिन उसी की वजह से एक अवसर भी बन रहा है। इस महामारी के कारण चीन कई तरह की मुश्किलों में घिरा है। उसने अपनी जीरो कोविड पॉलिसी की वजह से पहले दो साल तो कोरोना को फैलने से रोका और अपनी अर्थव्यवस्था की गति भी कमोबेश बनाए रखी। उन दो सालों में भारत बहुत परेशान रहा लेकिन अब भारत में स्थिति सामान्य है, जबकि चीन मुश्किल में है। उसके 26 शहरों में लॉकडाउन लगा हुआ है और देश की करीब 21 करोड़ आबादी घरों में बंद है। चीन की वित्तीय राजधानी शंघाई करीब एक महीने से लॉकडाउन में है। चीन के अलग अलग शहरों में करीब 10 फीसदी मेट्रो सेवाएं बंद हैं। पिछले 75 साल में पहली बार ऐसा हुआ कि एक मई को चीन में मई दिवस के कार्यक्रम नहीं हुए। चीन में संकट भयावह है और इसकी वजह से पूरी दुनिया में सप्लाई चेन प्रभावित हुई है। ध्यान रहे चीन दुनिया का मैन्यूफैक्चरिंग कैपिटल है और वहां संकट की वजह से दुनिया भर के देशों में जरूरी चीजों की आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके अलावा कोरोना वायरस की उत्पत्ति और उसके प्रसार को छिपाए रखने की वजह से भी चीन दुनिया की नजरों में बदनाम हुआ है। दुनिया के अनेक सभ्य देश चीन को कोरोना वायरस की महामारी फैलने का कारण मानते हैं और जांच की मांग करते रहे हैं। चीन के प्रति सद्भाव बिगड़ने का तीसरा कारण यूक्रेन पर रूस का हमला है। चीन ने यूक्रेन पर बर्बर हमले के बावजूद रूस का साथ दिया है। इसे लेकर अमेरिका और यूरोप से लेकर दुनिया के अनेक हिस्सों में चीन के प्रति गुस्सा बढ़ा है। ऐसे में यह भारत के लिए एक मौका हो सकता है। दुनिया के देश चीन पर निर्भरता की वजह से कई तरह की समस्याएं झेल रहे हैं। चीन में पाबंदियों की वजह से निर्माण कार्य ठप्प है और जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति रूकी हुई है। सो, एक तरफ चीन को लेकर नैतिक बाधा है तो दूसरी ओर व्यावहारिक कठिनाइयां हैं। इन दोनों का मिला-जुला नतीजा यह हुआ है कि दुनिया के देश दूसरा विकल्प खोज रहे हैं। अगर उन्हें दूसरे देश से सस्ता और टिकाऊ उत्पाद मिलता है तो वे तुरंत मौका लपकेंगे।

अजीत द्विवेदी

## संपादकीय

### ईजी मनी के दिन गए

अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने का मतलब है कि विदेशी और यहां तक कि अनेक देशी निवेशक भी डॉलर मे निवेश करना चाहेंगे। इसके लिए वे भारत जैसे देशों से पैसा निकालेंगे। उसका परिणाम शेयर बाजारों में गिरावट के रूप में सामने आएगा।

सबको यह मालूम था कि बुधवार को अमेरिकी सेंट्रल बैंक- फेडरल रिजर्व ब्याज दर में बढ़ोतरी करेगा। इस संभावना से दुनिया भर के बाजारों में पहले से उथल-पुथल मची थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने इसके मद्देनजर अचानक पहल की। फेडरल रिजर्व के एलान से कई घंटे पहले आरबीआई ने रेपो रेट में 40 आधार अंकों को बढ़ोतरी कर दी। साथ ही बैंकों के कैश रिजर्व रेशियो में 50 आधार अंकों की वृद्धि की गई। उधर फेडरल रिजर्व ने ब्याज दर में आधा प्रतिशत का इजाफा किया है। दो दशक में यह सबसे बड़ी ऐसी बढ़ोतरी है। ऐसे कदमों के पीछे मकसद हमेशा ही बाजार में मुद्रा की सप्लाई को नियंत्रित करना होता है। आम समझ है कि ऐसा होने पर मुद्रास्फीति दर नियंत्रित होती है। बेशक, इस समय दुनिया ऊंची महंगाई दर से परेशान है। यह सरकारों और लोकतांत्रिक देशों में सत्ताधारी दलों के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे कुछ करते दिखना सरकारों की मजबूरी बन गई है। नतीजा यह है कि ईजी मनी की जो नीति 2008-09 से चलाई जा रही थी, उसे पलटा जा रहा है। इस नीति के तहत सेंट्रल बैंक निम्न ब्याज दर पर कर्ज मुहैया करा रहे थे। यह नीति कोरोना काल में अपनी पराकाष्ठा पर पहुंच गई। इससे विभिन्न देशों में असल अर्थव्यवस्था कितनी संभली, यह तो विवाद का विषय है।

## इस्लामी कट्टरता के खिलाफ भी बोलें, अतीत से सबक सीखने की जरूरत

*मुस्लिम विरोधी घृणा की लहर उफान पर है, जिसे जानबूझकर संघ परिवार की वैचारिक पारिस्थितिकी ने पैदा किया है। परेशान करने वाली बात यह है कि हिंदुओं का एक बड़ा वर्ग इससे प्रभावित है। इस ज्वार को रोका जाना चाहिए और उलट दिया जाना चाहिए। हालांकि, यह तब तक नहीं किया जा सकता, जब तक कि धर्मनिरपेक्ष ताकतें और मुस्लिम नेता इस्लामी पक्ष की ऐतिहासिक और समकालीन गलतियों पर चुप रहने की अपनी गंभीर गलती सुधार नहीं लेते। हाल की एक घटना ने मुझे इस बारे में सोचने को विवश किया।*

21 अप्रैल को नौवें सिख गुरु तेग बहादुर की चार सौवीं जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से देश को संबोधित किया। यह मौका कुछ मुस्लिम शासकों द्वारा किए गए सांप्रदायिक उत्पीड़न का जिक्र करने का था। जैसा कि सब जानते हैं, 1675 में मुगल बादशाह औरंगजेब के हुक्म पर दिल्ली के चांदनी चौक में गुरु तेग बहादुर का सिर उसी तरह से कलम कर दिया गया था, जिस तरह की बर्बरता के लिए आज आईएसआईएस कुख्यात है। कत्ल किए जाने से पहले औरंगजेब ने गुरु को दो विकल्प दिए थे- या तो वह इस्लाम को अपना लें या मौत को। गुरु तेग बहादुर ने मौत चुनी।




*सेक्यूलरवादी आम तौर पर हिंदू सांप्रदायिकता को लेकर काफी मुखर होते हैं, निश्चय ही इसका विरोध होना चाहिए। लेकिन वे अक्सर मुस्लिम शासकों द्वारा किए गए अपराधों से या तो इनकार करते हैं या फिर उन्हें कम बताने की कोशिश करते हैं।*

मुगल शासन के दौरान असहिष्णुता और हिंसा की यह कोई अकेली घटना नहीं थी। पांचवें सिख गुरु अर्जन देव को बादशाह जहांगीर के आदेश पर 1606 में इसलिए मार दिया गया, क्योंकि वह धार्मिक सहिष्णुता और बहुलतावाद के घोर समर्थक थे। औरंगजेब ने 1659 में अपने भाई दारा शिकोह का उसके भयभीत बेटे के सामने कत्ल करने का आदेश दिया था। औरंगजेब इस बात से नाराज था कि उसका भाई इस्लाम और हिंदू धर्म के बीच सद्भाव की बात कर रहा था। भारतीय इतिहास की ऐसी धार्मिक कट्टरता को भुलाना नहीं चाहिए; इसके बजाय इनसे सबक सीखने की जरूरत है। हालांकि अनेक सेक्यूलरवादी लोगों के ट्विटर पर कमेंट देखकर हैरत के साथ चिंता भी होती है। वे पूछ रहे हैं, आखिर मोदी चार सदी पहले जो कुछ हुआ, उसे आज क्यों कुरेद रहे हैं? ऐसे ही सवाल मध्ययुगीन या आज, भारत या दुनिया में और कहीं, कट्टरतावादी मुस्लिमों द्वारा की गई बर्बरता और अन्याय को लेकर होने वाली बहस में अधिकांश सेक्यूलरवादियों द्वारा किए जाते हैं। मोदी ने संभव है कि गुरु तेग बहादुर की जयंती के मौके का इस्तेमाल अपने राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया हो, लेकिन तथ्य यह है कि ऐसे बर्बर कृत्य सिखों और हिंदुओं की स्मृतियों में गहरे तक समाए हुए हैं। अतीत में किए गए जघन्य अपराध समुदायों की सामूहिक स्मृतियों में जगह बना ही लेते हैं। इन्हें ईमानदारी से किए गए आत्मनिरीक्षण, संवाद और परस्पर समन्वय से दूर करने की आवश्यकता है। सेकुलरवादी आम तौर पर हिंदू सांप्रदायिकता को लेकर काफी मुखर होते हैं, निश्चय ही इसका विरोध होना चाहिए। लेकिन वे अक्सर मुस्लिम शासकों द्वारा किए गए अपराधों से या तो इनकार करते हैं या फिर उन्हें कम बताने की कोशिश करते हैं।

यदि अफगानिस्तान में तालिबान ने टेलीविजन के दौर में बामियान में बुद्ध की मूर्तियों को, जिन्हें वे काफिरों की मूर्ति बताते थे, तोड़ने से परहेज नहीं किया, तो इस बात से कैसे इनकार किया जा सकता है कि मध्य युग में धार्मिक आधार पर मूर्तियां नहीं तोड़ी गई होंगी? पाकिस्तान में और कुछ हद तक बांग्लादेश में भी हिंदू अल्पसंख्यकों का जबरन धर्मांतरण किया जाता है और हिंदू लड़कियों की जबरन शादियां कराई जाती हैं। तब फिर कोई कैसे यह दावा कर सकता है कि कट्टर मुस्लिम शासकों के दौर में अतीत में ऐसा नहीं हुआ होगा?

सुधींद्र कुलकर्णी

## मिला जुला

# जेल से निकल उद्धव को चुनौती दे फंसीं नवनीत राणा

बेल के खिलाफ अपील करेगी महाराष्ट्र सरकार!

मुंबई। बेल पर हाल ही में जेल से रिहा हुईं सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ सकती हैं। महाराष्ट्र सरकार राणा दंपति की बेल को चुनौती देने पर विचार कर रही है।



दरअसल महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे के घर के बाहर हनुमान चालीसा का ऐलान करने पर जेल गईं सांसद नवनीत राणा ने बेल पर बाहर आने के बाद एक बार फिर से शिवसेना पर हमला बोला है। उन्होंने रविवार को अस्पताल से निकलने पर कहा कि यह धार्मिक लड़ाई है और वह इसे जारी रखेंगी। इसके साथ ही उन्होंने सीएम उद्धव ठाकरे को अपने मुकाबले चुनाव लड़ने की भी चुनौती दी। जेल से बाहर निकलने पर सीने में दर्द और हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया था।

सेशन कोर्ट ने राणा दंपति को बेल देते हुए कुछ शर्तें भी रखी थीं। इनमें से एक शर्त यह भी थी कि वह बाहर निकलकर इस मामले में मीडिया से बात नहीं करेंगे। लेकिन अब नवनीत राणा के मीडिया से बात करने और उद्धव ठाकरे को सीधी चुनौती दिए जाने के बाद महाराष्ट्र सरकार उनकी बेल के खिलाफ अपील दायर करने पर विचार कर रही है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से अदालत में यह तर्क दिया जा सकता है कि नवनीत राणा और उनके पति ने अदालत की शर्त का उल्लंघन कर उसकी अवमानना की है। ऐसे में उनकी जमानत को रद्द कर दोबारा उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए।

अदालत ने बेल के साथ रखी थी क्या शर्त

अदालत ने राणा दंपति को बेल देते हुए कहा था, %आरोपियों के समक्ष यह शर्त होगी कि वे जेल से निकलने के बाद हनुमान चालीसा विवाद को लेकर बात नहीं करेंगे। इस शर्त के बाद भी नवनीत राणा ने कहा, मैं उद्धव ठाकरे को चुनौती देती हूं कि यदि वे चाहें तो मेरे खिलाफ किसी भी क्षेत्र से चुनाव लड़ लें। मैं आपके खिलाफ चुनाव लड़ूंगी और दिखा दूंगी कि महिला की शक्ति क्या होती है।% नवनीत राणा ने कहा कि मैं उद्धव सरकार से पूछना चाहती हूं कि आखिर मैंने क्या गलती थी, जिसकी मुझे सजा दी गई है। मैं पूछना चाहती हूं कि क्या हनुमान चालीसा पढ़ना अपराध है। यदि अपराध है तो फिर मैं 14 दिन नहीं बल्कि 14 सालों के लिए जेल जाने को तैयार हूं।

## हैदराबाद में दलित शख्स की हत्या पर बोले ओवैसी- इस्लाम में बहुत बड़ा गुनाह



**हैदराबाद।** हैदराबाद में मुस्लिम लड़की से शादी करने वाले दलित की हत्या पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि इस्लाम में इसे बहुत बड़ा अपराध बताया गया है। ओवैसी ने हत्या की निंदा करते हुए कहा कि नागाराजू की हत्या इस्लाम के भी विरुद्ध है। बता दें कि 25 साल के बी नागाराजू की हत्या उनकी पत्नी के परिवार वालों ने सरेराह कर दी थी। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। हैदराबाद के सरूरनगर इलाके में कुछ लोगों ने मिलकर नागाराजू पर हमला कर दिया। लोग आसपास खड़े देखते रहे और उन लोगों ने युवक की हत्या कर दी। दरअसल नागाराजू ने लड़की के परिवारवालों की मर्जी के खिलाफ जाकर शादी की थी। हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया था लेकिन कुछ राजनीतिक दल इस घटना को दूसरा रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हैदराबाद में हुई यह घटना इस्लाम के खिलाफ है। लड़की ने अपनी इच्छा से शादी की थी और कानून इसकी इजाज़त देता है।

## एक नजर

रूस-यूक्रेन युद्ध से बढ़ी वायुसेना की टेंशन

### सुखोई-30 को अपग्रेड करने की योजना ठंडे बस्ते में गई



**नई दिल्ली।** यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच, सुखोई-30 लड़ाकू विमान के बेड़े को अपग्रेड करने की वायुसेना की 35,000 करोड़ रुपये की योजना ठंडे बस्ते में पड़ गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा है कि 20 हजार करोड़ में मिलने वाले 12 मोस्ट एडवांस सुखोई-30 लड़ाकू विमान में भी कुछ बदलाव किए जाएंगे। कहा जा रहा है कि इन विमानों में सरकार की मेक इन इंडिया पॉलिसी के तहत कुछ स्वदेशी कंटेंट डाला जाएगा। गौरतलब है कि सरकार ने पिछले दिनों डिफेंस प्रोडक्ट के आयात को कम करने और भारतीय डिफेंस प्रोडक्ट को प्राथमिक्ता देने की मुहीम शुरू की थी।

जानकारी के मुताबिक भारतीय वायुसेना हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स और रूसी कंपनियों के साथ मिलकर अपने 85 विमानों को आधुनिक स्टेंडर्ड के हिसाब से ढालने की तैयारी कर रही थी लेकिन ये प्लान भी फिलहाल ठप्प पड़ गया है। भारतीय वायुसेना सुखोई-30 विमान में शक्तिशाली रडार के साथ जंग के लिए आधुनिक तकनीक से लैस करना चाहती थी। गौरतलब है कि सुखोई-30 भारतीय वायुसेना की बड़ी ताकत बनने वाली है। भारतीय वायुसेना ने रूस को 272 सुखोई विमानों का आर्डर दिया है। रूस की डिफेंस कंपनियों द्वारा ये फाइटर जेट हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड को डिलिवर किए जाने हैं। हालांकि ये टुकड़ों में आएंगे और नासिक की डिफेंस फैक्ट्री में इन्हें जोड़ा जाना है। मगर रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते फाइटर प्लेन के स्पेयर पार्ट आने में देरी हो रही है।

### योगी पहुंचे दतिया, पीतांबरा मंदिर के किए दर्शन

**दतिया ।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह मध्यप्रदेश के दतिया पहुंचकर मां पीतांबरा के मंदिर में दर्शन किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज एक दिवसीय प्रवास पर दतिया पहुंचे। उन्होंने मध्यप्रदेश के गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा के साथ मंदिर में मां पीतांबरा के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने स्थानीय वन खंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। इस दौरान उत्तरप्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह भी उपस्थित थे। दतिया स्थित पीतांबरा मां का मंदिर मध्यप्रदेश के प्रमुख मंदिरों में से एक है।

### जम्मू-कश्मीर में मौसम शुष्क

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटों में मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग ने रविवार को कहा कि शुष्क और गर्म मौसम जारी रहने की संभावना है। रविवार को श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 12.8, पहलगाम में 6.3 और गुलमर्ग में 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख के द्रास में रात का न्यूनतम तापमान 2.8, लेह में 8.1 और कारगिल में आठ रहा।

कटघरे में नजर आ रही दिल्ली पुलिस,

## जहांगीरपुरी हिंसा पर कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके में हनुमान जयंती पर हुई साम्प्रदायिक हिंसा के आठ आरोपियों को अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। वहीं, अदालत ने दिल्ली पुलिस के रवैये पर भी सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि इस दंगे की घटना में पुलिस ही कटघरे में खड़ी नजर आ रही है। जिस जुलूस के दौरान यह दंगा हुआ उसे निकालने के लिए अनुमति नहीं ली गई थी, लेकिन बावजूद इसके पुलिस इस



तीसरे जुलूस के साथ चल रही थी। रोहिणी स्थित विशेष न्यायाधीश गगनदीप सिंह की अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि पुलिस की एफआईआर ही बता रही है कि स्थानीय पुलिस जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर राजीव रंजन कर रहे थे।

## जिस पर गुजरात चुनाव के लिए रणनीति बनाने में जुटी है भाजपा, मुश्किल में कांग्रेस

**अहमदाबाद।** गुजरात के विधानसभा चुनाव में अब महज 6 महीने का ही वक्त बचा है और उससे पहले पिछले दिनों ही कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। आदिवासी नेता और तीन बार के विधायक अश्विन कोतवाल ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है।

वह उन 13 मौजूदा और पूर्व विधायकों में से एक हैं, जो 2017 के बाद से अब तक कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। कोतवाल कांग्रेस के चीफ व्हिप भी रह चुके हैं और बीते कुछ वक्त से नाराज चल रहे थे।



दरअसल वह नेता विपक्ष बनने की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने एक अन्य आदिवासी नेता सुखराम राठवा को उनके स्थान पर चुन लिया। कोतवाल का कहना है कि वह आदिवासी इलाकों में कांग्रेस के काम करने के तरीके से निराश थे। गुजरात कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मनीष दोषी ने उनके पार्टी छोड़ने को लेकर कहा, यह अवसरवाद और विश्वासघात की राजनीति है।

# बंद ट्रेनों को पुनः चालू करने के लिए जिला अध्यक्ष विजय केसरवानी के साथ सैकड़ों लोगों ने सौंपा ज्ञापन

## छत्तीसगढ़ की जनता शांति प्रिय तरीके से ज्ञापन देने के बावजूद आखिर रेल प्रशासन नींद से क्यों नहीं जाग रहा






जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

बेलगहना बिलासपुर कटनी रूट मार्ग पर लगभग ढाई वर्षो से ट्रेन का परिचालन पूर्णत बंद कर दिया गया है जबकि यहां से मालगाड़ियों का आवागमन तेज कर दिया गया है और सभी स्टेशनों में यात्री गाड़ियों का स्थाई ठहराव रखा गया है कोरोना कॉल के ढाई वर्षो से जनता रेल सुविधा से दूर है कोरोना महामारी में लोगों ने अपना व्यापार अपना पैसा और अपनों को खोने के बाद एक उम्मीद थी। जिसके बदौलत फिर से अपने अपने कामों में लगकर पुराने जख्मों से छुटकारा पाने की कोशिश अब भी धूमिल दिखाई पड़ रही है रेलवे के तानाशाही रवैय्ये से आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के लोगों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है यहां के लोगों को रोज बाहर जाकर कामकाज कर वापस अपने घर को आते थे उसे भी रेलवे ने छीन लिया अब क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है यदि जल्द ही रेल का परिचालन नहीं किया गया और ठहराव नहीं किया गया तो आर पार की लड़ाई क्षेत्र के लोग लड़ेंगे इसी तारतम्य में आज जिला अध्यक्ष विजय केसरवानी के नेतृत्व में, बेलगहना रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनों ने स्टेशन मास्टर को डीआरएम के नाम ज्ञापन सौंपा उन्होंने निवेदन किया की पूर्व की तरह स्टेशन में ट्रेन का स्टॉपेज चालू किया जाए यदि एक हफ्ते में ट्रेन का स्टॉपेज चालू नहीं किया जाता तो हम बिलासपुर स्टेशन पहुंचकर रेल रोको आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे करगी रोड कोटा में रेल रोको आंदोलन किया गया था रेल तो रुकी नहीं ऊपर से लोगों पर एफ आई आर रेल प्रशासन द्वारा जुर्माना लगा दिया गया। इस पूरे कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटा अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलगहना के ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र पैंकरा, आशीष शर्मा जिला महामंत्री जिला बिलासपुर, जिला महामंत्री गणेश कश्यप जिला सचिव रामचंद्र गंधर्व,कपिल जैसवाल, रवि राज रजक, मनोज वाजपेई, दिनेश घाडगे उद्देशएअश्वनी उद्देश्य,इलियास,अनवर अंसारी, अमरीश विग,आशीष अग्रवाल,विजय कोल, हंस मनी महंत,सुखसागर दास मानिकपुरी,रवि धरम राज उएके, उमेंद्र शर्मा,धनीराम प्रजापति,लक्ष्मण वीके, आनंद सिंह पैंकरा संतराम पोर्टे, शैलबाला कुजूर,भूषण यादव शिवदत्त पांडे,संगीता तिवारी,हसीब खान,अश्वनी उद्देश्य,क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हरा सोना की खरीदी हुई शुरू ग्रामीणों में भारी उत्साह

### परसा कोल खदान के विरोध में बैठे लोग धरना स्थल पर तेंदूपत्ता की गड्डी बनाकर देर शाम जा रहे फडों में बेचने

जोहार छत्तीसगढ़-उदयपुर।






उदयपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले चार समिति के 74 फडों में हरा सोना तेंदूपत्ता की खरीदी का आदेश वन विभाग द्वारा जारी किए जाने के बाद सभी ग्राम के ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

शनिवार को तेंदूपत्ता खरीदी के पहले दिन 1251.795 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी 3 समिति के लगभग 40 फडों में की गई। 4 हजार रुपये मानक बोरा के दर से इस बार तेंदूपत्ता की खरीदी की जा रही है। उदयपुर वन परिक्षेत्र को 13400 मानक बोरा तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य दिया गया है। पहले दिन शनिवार को तेंदूपत्ता खरीदी केन्द्रों में लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी गई पहले ही दिन संग्राहक संख्या 5797 रही। सबसे रोचक बात यह है कि ग्राम हरिहरपुर में परसा कोल खदान का विरोध कर रहे ग्रामीण जो कि विगत 2 मार्च से जल जंगल जमीन बचाने के लिए संघर्षरत रहे हैं वह महिला पुरुष भी तेंदूपत्ता तुड़ाई का कार्य करके धरना स्थल पर ही उसे गड्डी बनाने का काम करते हैं एवं देर शाम बेचने के लिए उसे समिति द्वारा निर्धारित फड़ों में जाते हैं।

# सभी चुनौतियों का सामना कर बस्तर रेडक्रास एवं युवोदय ने मानवसेवा में निभाई अभूतपूर्व भूमिका : संसदीय सचिव




**जगदलपुर।** संसदीय सचिव और जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन के नेतृत्व में इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बस्तर द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस पर रैली निकालकर शहरवासियों को मानव सेवा का संदेश दिया । इस अवसर पर युवोदय के वालेंटियर्स, शासकीय मेडिकल कॉलेज डिमरापाल, शासकीय नर्सिंग कॉलेज जगदलपुर, जीएनएम कॉलेज जगदलपुर, जगदलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, रेडक्रॉस उपाध्यक्ष श्री अलेक्जेंडर एम. चेरियन, रेडक्रॉस सचिव एवं सीएमएचओ डॉक्टर आर.के.चतुर्वेदी, सिविल सर्जन सह अस्पताल मुख्य अस्पताल अधीक्षक, महारानी अस्पताल, जगदलपुर डॉक्टर संजय प्रसाद, श्री सुशील कुमार साहू, डॉक्टर देवकान्त चतुर्वेदी, श्री हरेन्द्र पानीग्राही, युवोदय कॉडिनेटर श्री भोलाराम, कु विनिता राजू, श्री राहुल कश्यप, श्री टुकेश्वर खूंटे, श्री परमानन्द बघेल, कु ममता राय, श्री भूपेन्द्र देवांगन, रेडक्रॉस दवा दुकान से श्री एम. बालाजी नायडू, श्री विनोद श्रीवास्तव सहित रेडक्रॉस के वॉलेंटियर्स एवं अन्य उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री रजत बंसल के नेतृत्व में इस वर्ष के थीम बी ह्यूमेन काइंड पर आधारित रैली के साथ रंगोली, चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर संसदीय सचिव और जगदलपुर विधायक श्री रेखचंद जैन ने रैली उपरान्त सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेट जिनके यादगार में आज के दिन पूरा विश्व उनको याद करते हुए विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाता है, उन्होंने मानव सेवा के पथ में चलने के लिए सबको प्रेरित किया। जिस तरीके से उनके द्वारा युद्ध के दौरान निःस्वार्थ भाव से घायलों की सेवा की । ठीक उसी तरह आपदा के समय रेडक्रॉस भी उनका अनुसरण करते हुए कार्य कर रहा है। बस्तर रेडक्रॉस ने कोरोना जैसे वैश्विक आपदा के दौरान आगे आकर अपना पूर्ण समर्पण देते हुए निःस्वार्थ भाव से जो सेवा किया, उसके लिए पूरा अंचल उनका आभारी है।

## लाइसेंस बनवाना होगा आसान

**कोरबा ।** शासन ने प्रदेश भर में परिवहन सुविधा केन्द्र खोलने का निर्णय लिया है। इसे मूर्तरूप देना भी शुरू कर दिया गया है। सुविधा केंद्र खुलने से एक ओर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने में आसानी होगी, वहीं संबंधित लोगों को एजेंटों और दलालों से भी छुटकारा मिलेगा। शिक्षित युवाओं को रोजगार का भी अवसर मिलेगा। परिवहन सुविधा केन्द्र खोलने के लिए सभी जिलों में आवेदन मंगाए जा रहे हैं। कोरबा जिले में भी 30 परिवहन सुविधा केंद्र खोलने का निर्णय लिया गया है। जोकि चॉइस सेंटर की तर्ज पर संचालित होंगे।

# डाक्टरेट की उपाधि से नवाजे गए सम्पत अग्रवाल, समाजसेवा के क्षेत्र में मिला गोल्ड मेडल

### दिल्ली में पॉलिटिकल साइंस मिला पीएचडी की मानद उपाधि

जोहार छत्तीसगढ़-बसना।

नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सम्पत अग्रवाल को समाज सेवा के क्षेत्र में नर सेवा नारायण सेवा की परिकल्पना को साकार करते हुए अनेकों जनहित व समाज हित कार्यों के मद्देनजर आज डॉ. इंद्रजीत घोष एमएसएमई सीसीएलएल भारत शासन, डॉ. विक्रम सिंह देव भारत शासन एवं अन्य की उपस्थिति में थियोफनी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के दीक्षान्त समारोह में डॉक्टरेट की उपाधि सम्पत अग्रवाल को नवाजा गया।




लम्बे समय से नीलांचल सेवा समिति के माध्यम से बसना विधानसभा के 18 स्थानों में कार्यालय शुभारंभ कर समाजसेवा व जनसेवा को लेकर क्षेत्र में निरन्तर कार्यरत हैं। दिल्ली के लोधी गार्डन स्थित हेबिटेट सेंटर सभागार में थियोफ नी विश्वविद्यालय नई दिल्ली के दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि डॉ इंद्रजीत सिंग भारत शासन, जनरल डॉ विक्रम देव डोगरा आयरन मैन अभिषेक अग्रवाल डायरेक्टर कश्मीर फाइल्स, लता सुरेश सहकारिता विभाग भारत शासन,डॉ बबीता कटारिया संचालक जामिया विश्विद्यालय डॉ अजय कुलपति मेरठ विश्विद्यालय एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में सम्पत अग्रवाल को समाज सेवा के क्षेत्र में स्वर्ण पदक के साथ पॉलिटिकल साइंस में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

इस ऐतिहासिक पल में नगर पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, अमित अग्रवाल, पार्षद किशन अग्रवाल,विविध सलाहकार एवं पार्षद शीत गुप्ता, नीलांचल मीडिया सलाहकार एवं कार्यक्रम अधिकारी जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, नीलांचल सेक्टर प्रभारी कामेश बंजारा, विक्की सलूजा, सोनू छाबड़ा, उत्तर पटेल,चमरा स्वर्णकार, किरण पटेल, संतोष मांझी, वेदराम कोसरिया, संतलाल नायक,भोजकुमार साव,खोलबहरा निराला,सतीश प्रधान, कन्हैया प्रधान, प्रमोद प्रधान,कमलध्वज पटेल, वीरेंद्र प्रधान, उपेंद्र साव,चमन सेन, संयोजक हरजिंदर सिंह हरजु, जनसंपर्क विभाग अश्वनी प्रधान, मोनिका मैथ्यूज, तेजेश्वरी पाण्डेय, लक्ष्मी दीप, लोकनाथ साव, विजय पटेल, लोकनाथ खुंटे, उद्धव पटेल, खिलेश बरिहा, राजेश चक्रधारी समेत राजनीति, व्यापारी गण, सामाजिक कार्यकर्ता समेत समस्त नीलांचल सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

वहीं अग्रवाल ने पॉलिटिकल साइंस की मानद उपाधि से सम्मानित होने के उपरांत सभी का आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाओं हेतु अंतर्मन से धन्यवाद ज्ञापित किया। सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों को बस समाज की मान्यता मिल जाए यही, हर व्यक्ति का सपना होता है, मेरा यह सपना थीओफैनी यूनिवर्सिटी, हैती ने सामाजिक क्षेत्र में पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान कर मेरे हौसलों को एक नई उड़ान भी दी है। यह मानद उपाधि तो, एक माध्यम है, मेरे हौसलों को ऊंची उड़ान देने के लिए पर आप सभी तो वह शिल्पी हैं, जिन्होंने मुझे तराशा है।

## एक नजर

### पसान और केंदई रेंज में पहुंचे 42 हाथियों का दल

**कोरबा ।** कोरबा जिले के कटघोरा वन मंडल के पसान और केंदई क्षेत्र में 42 साथी तीन अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हैं। इनमें से 32 पसान रेंज के जलके सर्किल के बर्रा जंगल से आगे बढ़कर गाढ़ागोड़ा पहुंच गए हैं। इन हाथियों ने फिलहाल कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन हाथियों के आने की खबर मात्र से आसपास के लोग डरे हुए हैं।

पिछले अनुभव को याद करते हुए लोग भयभीत हैं कि वह कहीं एक बार फिर यहां पर उत्पात मचा देए इसे देखते हुए वन अमला सतर्क हो गया है बताया गया कि हाथियों ने जंगल में दो दिनों तक डेरा डाल रखा था। इस दौरान आधी रात को गांव की बस्ती में पहुंचकर एक मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। 1 दिन पहले यानी शनिवार को जंगल में दिनभर विश्राम काम करने के बाद शाम को हाथी आगे बढ़े और जंगल में घूमते हुए गाडागोड़ा पहुंच गए। हाथियों के दल को रविवार की सुबह यहां पर विचरण करते हुए देखा गया है। केंदई क्षेत्र के लालपुर परिसर में 7 हाथी और पर्ला में 3 हाथी घूम रहे हैं।

### लावारिस हालत में मिला 3.5 टन कोयला

**कोरबा ।** थाना प्रभारी उरगा राजेश जांगडे को अपराध की रोकथाम एव अवैध कोयला तस्करी, कबाड़, डीजल चोरों पर अकुश लगाने हेतु थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर अपराध की रोकथाम करने का निर्देश प्राप्त हुआ था।

निर्देश के पालन में थाना प्रभारी उरगा निरीक्षक राजेश जांगडे द्वारा शनिवार को प्रधान आरक्षक 190 राकेश सिंह हमराह आरक्षक दिलीप मिंज, रूपनारायण साह गोवर्धन टाईगरए सूरज यादव उरगा क्षेत्र टाउन पेट्रोलिंग भ्रमण पर रवाना हुये थे कि मुखबीर से सूचना मिला कि भिलाईखुर्द मुक्तिधाम के पास अवैध कोयला डंप कर रखा है । जाकर रेड करने पर लगभग 3.5 टन कोयला किमती 13000 रूपये का चोरी की मशरूका लावारिस हालत में कोई अज्ञात चोर छोड़कर भाग गया था जिसे थाना उरगा पुलिस द्वारा धारा 102 जाफौ के तहत विधिवत् जप्त कर कार्यवाही किया गया है। अज्ञात आरोपी एंव अवैध कोयला के संबंध में पतासाजी किया जा रहा है।

### बीएमएस के अश्विनी को अध्यक्ष का दायित्व

**कोरबा ।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन, बिलासपुर की 12 वीं द्विवार्षिक अधिवेशन में संगठन का पुनर्गठन ढेलवाड़ीह, कोरबा क्षेत्र में संपन्न हुआ। जिसमें दीपका क्षेत्र के वरिष्ठ श्रमिक नेता अश्वनी मिश्रा,को अध्यक्ष एवं अशोक कुमार सूर्यवंशी को महामंत्री मनोनीत किया गया । मिश्रा को अध्यक्ष बनाए जाने पर बीएमएस संगठन के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनको शुभकामनाएं प्रेषित कर बधाई दिया । अश्विन मिश्रा को अध्यक्ष बनाए जाने पर संगठन को मजबूती मिलेगी और बीएमएस से जुड़े कामगारों का मनोबल भी बढ़ेगा।

### बस्तर में भी चक्रवाती तूफान असानी का असर रहेगा

तूफान के 10 तक ओड़िशा-आंध्र व बंगाल के समुद्र तट से टकराने की संभावना

**जगदलपुर ।** बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान का नामकरण असानी किया गया है। असानी अब धीरे-धीरे गति पकड़ने लगा है, चक्रवाती तूफान 10 मई तक ओड़िशा-आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के समुद्र तट से टकरा सकता है। बस्तर के सीमावर्ती जिलों में समुद्री तूफान असानी का असर रहेगा, मलकानगिरी की सीमा सुकमा जिले से सटी हुई है, जिसके कारण असानी का असर बस्तर में भी दिखाई देगा। जब भी कोई तूफान ओड़िशा और आंध्र प्रदेश के समुद्र तट से टकराता है तो बस्तर में असर जरूरी दिखता है।

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिणी अंडमान समुद्र में उठे बन रहे कम दबाव के क्षेत्र को लेकर ओड़िशा के 18 जिलों में हाइअलर्ट घोषित किया गया है। बस्तर से सटे मलकानिगिरी, कोरापुट व जैपुर को भी हाइअलर्ट पर रखा गया है। अगले 24 घंटों में इन जिलों में तेज हवा के साथ भारी बारिश की संभावना जताई गई है। बस्तर के सीमावर्ती इलाकों में समुद्री तूफान का असर रहेगा तो बस्तर पर भी इसका असर पड़ने की पूरी संभावना है।

### 4 नक्सली मिलिशिया सदस्यों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा ।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू के तहत मलांगेर एरिया कमेटी के फुलपाड़ पंचायत अंतर्गत ग्राम फुलपाड़ डोमारपारा के 04 नक्सली मिलिशिया सदस्यों सुदरू मड़कामी, देवा मरकाम, सन्नालेकामी एवं सुक्का माड़वी ने आज उप पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ विनय कुमार सिंह एवं दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्म समर्पित नक्सलियों ने विगत 07-08 वर्षों से प्रतिबंधित नक्सल संगठन में सक्रिय रहकर आगजनी करना, रोड काटना, स्कूल आश्रम तोड़ फोड़ करना, अपहरण, मारपीट, ग्रामीणों से पैसा उगाही सहित कई नक्सल वारदातों में शामिल होना स्वीकार किया है।

# वन चेतना केंद्र के कर्मचारियों को संसदीय सचिव ने प्रदान किया पारिश्रमिक

### संसदीय सचिव की पहल पर किया जा रहा सुविधाओं में विस्तार



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुन्द।

संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने वन चेतना केंद्र कोडार में कार्यरत दस कर्मचारियों को पारिश्रमिक प्रदान किया। गौरतलब है कि कोडार जलाशय में बोटिंग की सुविधा के साथ ही कम दाम में टेंटिंग मे ठहरने के इंतजाम भी किए गए है। जहां बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं। यहां कार्यरत कर्मचारियों द्वारा सैलानियों को सुविधा मुहैया कराई जा रही है। शनिवार को वन चेतना केंद्र प्रभारी राजीव गौतम की मौजूदगी में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने यहां कार्यरत कर्मचारियों सुखदेव साहू, पवन ध्रुव, सोहन धुंव, शिव ध्रुव, रूपेंद्र ध्रुव, विजय पाइक, कन्हैया पाइक, करण पाइक, प्रीतम ध्रुव व कन्हैया प्रजापति को 10-10 हजार रुपए पारिश्रमिक प्रदान किया। गौरतलब है कि संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने सैलानियों की सुविधा व वन चेतना केंद्र में विकास के लिए 10 लाख रुपए की राशि अपनी विधायक निधि से दी है। जिसमें विकास कार्य प्रगति पर हैं।

# पूंजीपथरा राजस्व की जमीन पर बिना अनुमति के सिंघल इंटरप्राइजेज ने कई लाखों टन पाट दिए अवैध फ्लाई एस

## क्या पर्यावरण विभाग एनजीटी के नियमानुसार टन एक हजार रुपए करेगा जुर्माना





जोहार छत्तीसगढ़–घरघोड़ा।

पूंजीपथरा फैक्ट्रियों से निकलने वाले फ्लाई एस डिस्पोजल के लिए एनजीटी के नियमानुसार अवैध तरीके से डंप किए गए फ्लाई एस पर टन जुर्माना निर्धारित किया गया है जिसमें की सिंघल इंटरप्राइजेज के द्वारा पूंजीपथरा के राजस्व की छोटे झाड़ की जमीन में लाखो टन बिना एनओसी अनुमति के बगैर बेखौफ तरीके से डंप किया है जब नए आदेश में किसानों को उनके जमीनों में फ्लाई एस पाटने पर मुआवजा निर्धारित किया गया है तो फिर क्या राजस्व की जमीने या फॉरेस्ट की जमीनों पर जो सिंघल इंटरप्राइजेज फैक्ट्री द्वारा लाखों टन फ्लाई एस पाट दिया गया है उस पर जुर्माना निर्धारित नहीं किया जाएगा क्या राजस्व को और फ रॉरेस्ट विभाग को करोड़ों रुपए की हानि होने के साथ-साथ पर्यावरण

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

प्रदूषित और वन्य प्राणी प्रतिबंधित क्षेत्र रिजर्व फ रॉरेस्ट सभी सुरक्षित भूमि जो सरकार के अंतर्गत आती है उस पर बिना परमिशन के फ्लाई एस पाटा गया है उसकी जांच कर पर्यावरण विभाग को सिंघल इंटरप्राइजेज फैक्ट्री को भी पूंजीपथरा राजस्व छोटे झाड़ की जमीन में पाटे गए लाखो टन फ्लाई एस की जांच कर जुर्माना होना चाहिए और साथ ही साथ राजस्व की जमीन से फ्लाई एस हटाकर सिंघल इंटरप्राइजेज फैक्ट्री अपने परमिशन सुधा जमीनों में डंप करें ऐसा आदेश विभाग से होना चाहिए क्या आने वाले समय में सिंघल फैक्ट्री की मनमानी पर रोक लगाई जाएगी या फि र एनजीटी के नियम की धज्जियां उड़ाते हुए पर्यावरण विभाग सिंघल इंटरप्राइजेज को क्लीन चिट दे देगी देखना अब यह है कि जिला पर्यावरण विभाग सिंघल इंटरप्राइजेज कंपनी पर क्या कार्यवाही करता है।

## एक नजर

### रामेश्वरी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व शोभायात्रा कार्यक्रम में पहुंचे अशवन्त तुषार साहू

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।



महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शहर में रामेश्वरी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व शोभायात्रा कार्यक्रम शामिल हुआ किसान नेता अशवन्त तुषार साहू मंदिर का जीर्णोद्धार पूरा होने के साथ ही मंदिर में प्रतिमा स्थापित होने वाली हैं कार्यक्रम के बीच चौथे दिन शनिवार को स्थापित होने वाले प्रतिमाओं का नगर भ्रमण कराया गया प्रतिमाओं का नगर भ्रमण मंदिर से शुरू होकर नेहरू चौक तक कराया गया जिसमें नागपुर महाराष्ट्र से आया ढोल आकर्षण का केंद्र बना रहा नगर भ्रमण में नगर के लोगों भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### महाराणा प्रताप की जयंती आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

जोहार छत्तीसगढ़–दुर्ग।

राजपूत क्षत्रिय चेतना विकास संघ दुर्ग.भिलाई द्वारा 9 मई, सोमवार को महाराणा प्रताप की 482 वीं जयंती उत्सव साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर शाम 5 बजे दुर्गा मंच, श्रीराम चौक हुडको भिलाई से महाराणा प्रताप की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा क्षेत्र के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए वापस श्रीराम चौक पहुंचकर संपन्न हुई। राजपूत क्षत्रिय महिलाएं पुरुष व युवा मंडल द्वारा समाज के लोगों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की गई हैं।यह जानकारी समाज के पदाधिकारी कमलेश सिंह ने दी हैं।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाया जाएगा 10 तक

**दन्तेवाड़ा** ।जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान 10 मई तक चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत विभाग द्वारा सामुदायिक स्तर पर घर-घर भ्रमण कर 01 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक दी जाएगी। इस अभियान के अंतर्गत मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा घर का भ्रमण कर बच्चों को कृमि नाशक दवा उपलब्ध कराई जाएगी। जिले में कुल 112496 बच्चों को कृमि नाशक दवा देने का लक्ष्य रखा गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ राजेश ध्रुव ने बताया कि घर का भ्रमण कर दवा दी जाएगी। जिले के समस्त जन सामान्य से अपील की जाती है, कि उक्त दिवस में अपने बच्चों को एल्बेंडाजोल की खुराक अवश्य दिलाएं एवं इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना सहयोग देवे। उक्त कार्यक्रम के लिए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में एल्बेंडाजोल की दवा उपलब्ध करा दी गई है एवं सभी मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है।

# घर घुसकर महिला से छेड़छाड़ का आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

जोहार छत्तीसगढ़–धरमजयगढ़।




रात्रि घर घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत रैरुमा चौकी क्षेत्र के ग्राम नोनईजोर की है। पीड़ित महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि 4 मई को रात्रि खाना खाकर अपने घर में सोई हुई थी। तभी लगभग 8 बजे विनय लकड़ा बदनीयती से घर के अंदर आ गया। जहां घर मे सो रही महिला को उठाकर आंगन में लाकर पटक दिया। जहां धमकी देते हुए बेज्जती करने की नीयत से साड़ी को निकालने लगा। जब मैं इसका विरोध करने लगी तो जान से मारने की धमकी देते हुए साड़ी एवं ब्लाउज को फाड़ दिया। तब महिला ने जोर जोर से चिल्लाने लगी। जिसकी आवाज सुनकर पड़ोसी अनिल खाखा मौके पर पहुंचा। जिसे देखते ही आरोपी विनय लकड़ा किसी कुछ न बताने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। जिस पर आरोपी विनय लकड़ा को धरमजयगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

# सभी चुनौतियों का सामना कर बस्तर रेडक्रास एवं युवोदय ने मानवसेवा में निभाई अभूतपूर्व भूमिका : संसदीय सचिव




**जगदलपुर।** संसदीय सचिव और जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन के नेतृत्व में इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा बस्तर द्वारा विश्व रेडक्रास दिवस पर रैली निकालकर शहरवासियों को मानव सेवा का संदेश दिया । इस अवसर पर युवोदय के वालेंटियर्स, शासकीय मेडिकल कॉलेज डिमरापाल, शासकीय नर्सिंग कॉलेज जगदलपुर, जीएनएम कॉलेज जगदलपुर, जगदलपुर इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, रेडक्रॉस उपाध्यक्ष श्री अलेक्जेंडर एम. चेरियन, रेडक्रॉस सचिव एवं सीएमएचओ डॉक्टर आर.के.चतुर्वेदी, सिविल सर्जन सह अस्पताल मुख्य अस्पताल अधीक्षक, महारानी अस्पताल, जगदलपुर डॉक्टर संजय प्रसाद, श्री सुशील कुमार साहू, डॉक्टर देवकान्त चतुर्वेदी, श्री हरेन्द्र पानीग्राही, युवोदय कॉडिनेटर श्री भोलाराम, कु विनिता राजू, श्री राहुल कश्यप, श्री टुकेश्वर खूंटे, श्री परमानन्द बघेल, कु ममता राय, श्री भूपेन्द्र देवांगन, रेडक्रॉस दवा दुकान से श्री एम. बालाजी नायडू, श्री विनोद श्रीवास्तव सहित रेडक्रॉस के वॉलेंटियर्स एवं अन्य उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री रजत बंसल के नेतृत्व में इस वर्ष के थीम बी ह्यूमेन काइंड पर आधारित रैली के साथ रंगोली, चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# मंदिर बनने से गांव में होगा शुभता का संचार-अग्नि चंद्राकर

## बरबसपुर में नवनिर्मित श्रीराम जानकी मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।



ग्राम बरबसपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से नवनिर्मित श्रीराम जानकी मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत पूजा-अनुष्ठान हो रहा है। ग्रामवासियों के आमंत्रण पर छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अग्नि चंद्राकर इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके साथ युवा नेता दिव्येश चंद्राकर, निगम अध्यक्ष के प्रतिनिधि नारायण नामदेव, जिला पंचायत सभापति अमर अरुण चंद्राकर, रवि साहू, पूर्व पार्षद तुलसीराम साहू, जनार्दन चंद्राकर भी थे। इस अवसर पर निगम अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि मंदिर निर्माण और मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से गांव में शुभता का संचार होगा। चंद्राकर ने ग्रामवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की और ग्रामवासियों के हित के कार्यों के लिए हमेशा की तरह तत्पर रहने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नागरिक और फर्शी व्यवसायी संघ के अध्यक्ष झाला चंद्राकर, रेखू चंद्राकर, अशोक साहू, उत्तम चन्द्राकर, लिखित यादव, राजेन्द्र निषाद, रामा यादव, मानसिंग साहू, संतोष सेन, बलिराम निषाद, कमलनारायण चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर, लक्ष्मण निर्मलकर, संतकुमार साहू, रामानुज चंद्राकर, चन्द्रशेखर चंद्राकर, बेदुल चंद्राकर, बबला निषाद, हरीशचन्द्र यादव, मिथलेश साहू, डोमन साहू, शत्रुहन चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पत्नि के चरित्र पर पति करता था शक दे दी थी खौफनाक मौत

जोहार छत्तीसगढ़–सूरजपुर।




रविवार को ग्राम बोझा थाना प्रतापपुर निवासी विजय सारथी ने थाना झिलमिली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका ससुर सीताराम 7 मई को पूजा पाठ करने के लिए दोनों बेटी दामाद को बुलाया था दोनों बेटी दामाद जब ग्राम भांडी अपने ससुर के यहां आये तो घर में ताला लगा हुआ था।

ससुर को खोजने लगे तो नया घर से कुछ दूरी पर मिला जिससे सास के बारे में पूछने पर घर में है कहकर जंगल तरफ ले जाने लगा और बात को घुमाने लगा और बताया कि अनिता को मार दिया हूं जिसके बाद नये घर जाकर देखे तो अनिता मृत अवस्था में मिली। सूचना पर मर्ग कायम कर पुलिस मौके पर पहुंची, मृतिका को धारदार हथियार टांगी से मारकर हत्या करना पाए जाने पर अपराध क्रमांक 66/2022 धारा 302, 201 भादवि का मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर रामकृष्ण साहू ने आरोपी की जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थाना झिलमिली पुलिस को दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना झिलमिली की पुलिस ने आरोपी सीताराम सारथी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि चरित्र शंका को लेकर पत्नी को टांगी से प्रहार कर हत्या कर दिया। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगी जप्त कर उसे विधिवत् गिरफ्तार किया गया।

# राज्य शासन ध्यान दे अन्यथा समस्त सरकारी निर्माण कार्य बंद कर दिये जायेंगे-धर्मेन्द्र ठाकुर

जोहार छत्तीसगढ़–महासमुंद।



जिला कान्ट्रेक्टर्स एसोसियेशन के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया किए राज्य शासन के सभी निर्माण विभागों जल संसाधन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगर निगम और नगर पालिका ग्रामीण यांत्रिकी आरईएस छत्तीसगढ़ सर्विसेस बोर्ड, कृषि उपज मंडी बोर्ड, गृह निर्माण मंडल विकास प्राधिकरण आदि में प्रदेश के ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य किया जाता है जिसकी सुविधा प्रदेश की आम जनता तक पहुंचती है। परन्तु राज्य शासन द्वारा ठेकेदारों के साथ सौतेला व्यवहार लगातार किया जा रहा है। आगे जिलाध्यक्ष ठाकुर ने कहा किए बाजार में आज निर्माण सामग्री की कीमते 50 से 60 प्रतिशत बढ़ चुकी है लोहा, सीमेंट, डामर एल्युमीनियम,, रेत, गिट्टी, मुरम, मिट्टी, सेनेटरी आयटम पेंट, बिजली उपकरण, महंगे हो चुके है। विभिन्न निर्माण विभागों में अलग-अलग नियमावली बना कर ठेकेदारों के साथ अन्याय किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ कान्ट्रेक्टर्स एसोसियेशन की ओर से पूर्व में कई बार शासन प्रशासन को अवगत कराया गया है परन्तु अभी तक इस विषय में कोई ध्यान नहीं दिया गया है । लोक निर्माण विभाग ने थर्ड पार्टी चेकिंगए इंजीनियर की नियुक्ति और 5 साल तक परफार्मेस गारंटी जैसी व्यवस्था की गई है । जबकि जल संसाधन विभाग में 10 वर्ष परफ र्मेस की बाध्यता रखी गई है। यह विभाग नहर और लाईनिंग का कार्य करता है। सभी निर्माण विभागों में गौण खनिज की रायल्टी वसूली 4 गुना, 5 गुना की जा रही है। जबकि अनुबंध पत्रक में रायल्टी वसूली के अलग आदेश दर निर्धारित किया गया है। मध्यप्रदेश, गुजरात सरकार निर्माण ठेकेदारों को एसओआर और बाजार मूल्य के अंतर की राशि की क्षतिपूर्ति देने का आदेश किया है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ शासन से एसोसियेशन मांग कर रहा है कि निर्माण विभाग में लगे हुए ठेकेदारों को भी शासन अंतर की राशि देने का आदेश जारी करें। ताकि ठेकेदारों की माली हालत में सुधार हो सके साथ ही एसोसियेशन ने मांग की है कि एसओआर और बाजार मूल्य के अंतर की क्षतिपूर्ति राशि शासन दे। जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर सहित प्रदेश उपाध्यक्ष द्वय रामस्नेही जायसवाल, मुकेशकांत साहू, जिला सचिव राजेश जैन, वली मोहम्मद, ईश्वर सिन्हा, प्रकाश जैन सहित सभी ठेकेदारों ने मांग की है कि महासमुंद जिले में विभिन्न शासकीय निर्माण विभाग पीडब्लूडी पीएचई सहित सभी विभागों में ठेकेदारों के भुगतान वर्षो से लंबित है जिन्हे अतिशीघ्र भुगतान की जावे एवं मद में पैसे न होने पर विभाग टेंडर न निकाले न ही ठेकेदारों को मद में पैसा न होने पर कार्य करने मजबुर किया जावे। ताकि ठेकेदारों को विभिन्न विभागों में कार्य करने के बाद भुगतान के लिए वर्षो भटकना न पड़े। उक्त सभी मांगों को लेकर शासन प्रशासन को गंभीरता से विचार करते हुए ठेकेदारों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की। अन्यथा प्रदेशाध्यक्ष बीरेश शुक्ला के निर्देशानुसार सभी ठेकेदार जिला सहित पूरे प्रदेश के निर्माण कार्य ठप्प करने बाध्य होंगे।

# छत्तीसगढ़ में चलने वाली 26 ट्रेनें रद्द

## बदले में रेलवे ने दो स्पेशल ट्रेनें व कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़कर केवल 2880 बर्थ ही दी हैं

**रायपुर।** रेलवे ने 24 अप्रैल से 23 मई के बीच 15 और 5 से 24 मई के बीच 9 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द किया है। इन 26 ट्रेनों के कैंसिल होने से प्रदेशभर को तथा स्लीपर और एसी क्लास को मिलाकर 41 हजार से ज्यादा बर्थ कम हो गई हैं। इसके बदले में रेलवे ने दो स्पेशल ट्रेनें व कुछ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़कर केवल 2880 बर्थ ही दी हैं। अभी गर्मियों की छुट्टियां चल रही हैं और शादियों का सीजन है। कम बर्थ से ट्रेनों में यात्रियों का प्रेशर बहुत बढ़ गया है। दो दर्जन से ज्यादा लंबी दूरी की ट्रेनें रद्द होने से अब रायपुर से किसी भी रूट पर, किसी भी ट्रेन में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है। रेलवे ने 23 अप्रैल व 4 मई को अचानक ट्रेनों को रद्द करने की घोषणा की थी। इसका जबरदस्त विरोध हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खुद रेल मंत्री से बात की। उसके बाद 24 अप्रैल से रद्द समता, छत्तीसगढ़ व सिकंदराबाद एक्सप्रेस को चलाने का निर्णय लिया गया। हालांकि इसे चलाने में तीन दिन लग गए।

बाकी ट्रेनें रद्द है। 24 अप्रैल व 4 मई से जो ट्रेनें रद्द की गई हैं, वे उनमें लंबी दूरी की एक्सप्रेस से लेकर मेमू व स्पेशल पैसेंजर शामिल हैं। समर वेकेशन व शादी के सीजन में अचानक ट्रेनों को रद्द करने से यात्रियों को दूसरे विकल्प खोजना पड़ रहा है। रिफंड के लिए जहां रिजर्वेशन काउंटर में भीड़ है, वहीं कई लोगों के ई टिकट कराने के बावजूद रिफंड नहीं मिलने की शिकायत है।

छुट्टियों में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 5 ट्रेनों में एक-एक अतिरिक्त कोच चलाने का निर्णय लिया है। 5 कोच में 72 बर्थ के हिसाब से 432 सीटें यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। 5 ट्रेनों में अतिरिक्त एक-एक स्लीपर एवं सामान्य कोच अस्थायी रुप से लगाया जा रहा है। दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस में एक स्लीपर कोच की सुविधा शुक्रवार को दी गई। इसके अलावा 7 एवं 8 मई को यह सुविधा दी जाएगी। बिलासपुर-इंदौर पैसेंजर में एक स्लीपर कोच बिलासपुर से 7 व 8 मई को लगेगा। इसी तरह गेवरा रोड-इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस में एक सामान्य कोच गेवरा रोड से 7 से 10 मई तक, इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में एक सामान्य कोच इतवारी से 8 से 11 मई तक तथा बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर में 02 सामान्य कोच बिलासपुर से 7 से 10 मई तक लगेंगे।

# गरीब बच्चों को गले लगाकर बॉबी और इस कलाकार ने क्लिक करवाई तस्वीर, सोशल मीडिया पर हो रही चर्चा




बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल भले ही मूवीज में पिता धर्मेंद्र और भाई सनी देओल की तरह नाम कमाने में कामयाब न हो पाए लेकिन ओटीटी प्लैटफॉर्म ने उनकी किस्मत पूरी तरह से बदल कर रख दी है। बॉबी देओल की रिलीज हुए अब तक की सभी वेब सीरीज को पसंद किया गया है। बाबा निराला बनकर बॉबी देओल ने जनता को बहुत पसंद आया है। आश्रम वेब सीरीज का भाग बनने के उपरांत अभिनेता की फैन फॉलोइंग में एकदम से बढ़ोतरी देखने के लिए मिली है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बॉबी अपने कजिन अभय देओल के साथ दिए है। रेस्टोरेंट के बाहर जैसे ही कुछ गरीब बच्चों ने देओल ब्रदर्स को देखा तो उन्हें घेर लिया और फिर कुछ ऐसा हुआ कि लोग अभिनेता की तारीफ करने लग गए। इस समय का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ़ देखा जा रहा है कि बॉबी और अभय जैसे ही रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हैं तो उन्हें देखकर कुछ गरीब बच्चे भागते हुए आते हैं और उनके गले लग जाते हैं।

इस बीच बॉबी उनसे प्यार से मिलते और स्माइल करते दिखाई दे रहे है। अभय ने भी दिल खोलकर अपना प्यार लुटाया। दोनों भाइयों ने एक-एककर इन बच्चों के साथ फोटोज भी क्लिक करवाई है। बॉबी और अभय का ये वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है जो फैंस को बहुत पसंद आने लगा है। फैंस भी दोनों की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा-देओल हमेशा इतने विनम्र होते हैं। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा- रिस्पेक्ट सर। वहीं एक यूजर ने लिखा- वह बहुत स्वीट हैं।

# कंगना की तारीफ कर बोले अर्जुन रामपाल- मेरी मां को समर्पित है फिल्म धाकड़...



बॉलीवुड मूवी धाकड़ ट्रेलर रिलीज़ होते है अभिनेता अर्जून रामपाल के नए लुक को देख लोगों को बीच एक जबरदस्त क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। मूवी धाकड़ में वे रुद्रवीर के रूप में दिखाई देने वाले है जो जबरदस्त और एडवेंचरस एक्शन करते हुए नज़र आ रहे है। हालाकि यह मूवी वुमन सेंट्रिक एक्शन थ्रिलर मूवी है जिसे कंगना रनौत हेडलाइन करते हुए दिखाई दे रही है वही अर्जुन एक ऐसे विलेन हैं जो डेंजरस, डेडली के साथ साथ कूल भी हैं

जयपुर के राम मंदिर में शीज़ ऑन फायर के गाने के लॉन्च के बीच, अर्जुन ने कहा है कि कैसे धाकड़ जैसी मूवी उनकी मां को एक श्रद्धांजलि हैं, जिन्होंने अकेले ही उन्हें पालपोष कर एक ऐसा आदमी बनाया जो वह आज हैं! अपनी बात को जारी रखते हुए अर्जुन बोला है, बतौर सिंगल पैरेंट मेरी मोम ने मुझे बड़ा किया है, इसलिए जब भी कोई वुमन सेंट्रिक मूवी का ऑफर मुझे आता है मैं उसे तुरंत हां बोल देता हूं। यह मेरा एक तरीका है मेरी मां को श्रद्धांजलि देने का क्योंकि मुझे पता है कि वे कितनी शक्तिशाली थीं।

कंगना की तारीफ करते हुए अर्जुन ने अपनी बात आगे बढ़ाई और कहा , जब धाकड़ की स्क्रिप्ट मेरे पास तब मुझे बोल दिया गया था कि यह वूमेन सेंट्रिक मूवी है और कंगना लीड में होने वाली है। मुझे हमेशा से कंगना का कार्य बहुत पसंद रहा है और मुझे उनके साथ काम करना चाहता था हालाकि मैंने पहले उनके साथ काम किया है। उन्हें देखना बहुत ही अद्भुत था क्योंकि मुझे लगता है कि फिजिकली यह बहुत ही चैलेंजिंग है किसी के लिए भी। अर्जुन रामपाल और कंगना रनौत के फैनफेयर को 25 फीट कटआउट के साथ, शीज़ ऑन फायर गीत को बड़ी धूमधाम से रिलीज किया गया था। अपनी मां को समर्पित अर्जुन रामपाल के इन शब्दों ने वहां मौजूद सभी

# सोनाक्षी संग रिश्ते पर खुलकर बोले जहीर इकबाल, जानिए क्या कहा?



काफी समय से बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और अभिनेता जहीर इकबाल को लेकर खबरें आ रहीं हैं. दोनों आए दिन अपने रिलेशनशिप की खबरों को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। हालाँकि अब तक कुछ सामने नहीं आया है कि यह सच है या झूठ! फिल्म नोटबुक से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाले जहीर का नाम काफी समय से अभिनेत्री के साथ जोड़ा जा रहा है। जी हाँ और अब इन सभी के बीच इन खबरों पर जहीर इकबाल अपनी प्रतिक्रिया दी है। जी दरअसल हाल ही में एक बातचीत के दौरान अपनी डेटिंग अफवाहों पर बात करते हुए खुलासा किया कि उन्हें अब अफवाहों की परवाह नहीं है।


एक वेबसाइट से बातचीत में उन्होंने कहा- इन अफवाहों को अब इतना समय हो गया है कि मुझे अब इनकी परवाह भी नहीं है। मैं ठीक हूं अगर आप सोचते हैं, तो आप सोचेंग और सोचते रहें। यह आपके लिए अच्छा है। अगर यह आपको खुश करता है कि मैं सोनाक्षी के साथ हूं तो यह आपके लिए अच्छा है। लेकिन अगर यह आपको परेशान करता है, तो मुझे खेद है। इसके बारे में सोचना बंद कर दे। आगे उन्होंने कहा, अफवाहे इस इंडस्ट्री का एक हिस्सा है। मैं बॉलीवुड में आने से पहले से इस बात को जानता था। मुझे पता था कि अभिनेता इससे गुजरते हैं क्योंकि मेरे कुछ दोस्त हैं जो इस इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। सलमान भाई ने हमेशा मुझसे कहा है कि ऐसा बहुत लोग लिखेंगे, लेकिन तुम इस पर ज्यादा ध्यान मत दो। इसलिए, मैं वास्तव में इन सब पर ध्यान नहीं देता। इसी के साथ अब अगर हम करियर के बारे में बात करें तो जहीर ने फिल्म नोटबुक से बॉलीवुड में अपनी एंट्रीकी, जबकि सोनाक्षी सिन्हा ने साल 2010 में आई फिल्म दंबग से अपना फिल्मी करियर शुरू किया। वहीं जहीर को आप सभी जल्द ही अपनी दूसरी फिल्म डबल एक्सएल में देखने वाले हैं।

# फिल्म नायिका देवी में क्रुर मोहम्मद गोरी बनेगा ये अभिनेता




चंकी पांडे काफी समय से इंडस्ट्री से दूर हैं, उन्हें किसी फिल्म में नहीं देखा गया लेकिन जल्द ही वह फिल्म नायिका देवी- द वारियर क्वीन में दिखाई देने वाले हैं। इस फिल्म में वह मोहम्मद गोरी की भूमिका निभाने वाले हैं। जी हाँ और अब उन्होंने इस बारे में बात की है और बताया है कि मोहम्मद गोरी की भूमिका निभाने में उन्हें कितना मजा आया है। एक मशहूर वेबसाइट से बातचीत में चंकी पांडे ने कहा- यह स्टोरी 1000 वर्ष पहले हुई है। यह इतिहास से जुड़ा हुआ मामला है। कोई नहीं जानता है कि तब क्या हुआ था। इसके चलते निर्माता और निर्देशक को बहुत अध्ययन करना पड़ा। मोहम्मद गोरी काफी दिलचस्प भूमिका है। वह पहला विदेशी आक्रांता है, जिसने भारत पर आक्रमण किया। हालांकि सारी बातें इतिहास में लिखी है कि कई लोगों ने लूटा और वापस चले गए लेकिन मोहम्मद गोरी ने जो कुछ भी जीता, उसे उसने अपने गुलामों को दे दिया ताकि वह राज करें। आप सभी को बता दें कि चंकी पांडे ने हिंदी, मराठी, तमिल और तेलुगू फिल्मों में भी काम किया है। अब वह गुजराती फिल्म में भी काम करने जा रहे हैं। जी दरअसल उनकी फिल्म नायिका देवी- द वारियर क्वीन रिलीज होने वाली है और इस फिल्म का निर्देशन नितिन ने किया है। यह एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है और यह महिला योद्धा पर आधारित है। चंकी पांडे ने इस फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, अपने आपको पर्दे पर मोहम्मद गोरी के तौर पर देखकर वह डर गए थे। इसी के साथ उन्होंने बताया कि उन्होंने इस फिल्म के लिए काफी दमदार एक्शन सीन भी किए हैं।

# क्या कार्तिक आर्यन को डेट कर रहीं हैं कृति सेनन?, खुद एक्ट्रेस ने दिया जवाब



बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन को बहुत पसंद किया जाता है और वह अपनी अदाओं से सभी का दिल जीतने में भी हमेशा कामयाब रहीं हैं। हालाँकि बीते दिनों से उनका नाम कार्तिक आर्यन से जुड़ा है। जी दरअसल बीते कई दिनों से सोशल मीडिया पर दोनों का नाम छाया हुआ है। जी हाँ और कुछ समय पहले जब दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था तब से ही लोग दोनों का नाम एक-दूसरे के साथ जोड़ने लगे थे। हालाँकि इस मामले में सच्चाई क्या है इसका जवाब खुद कृति सेनन ने दिया है। जी दरअसल कृति सेनन से जब हाल ही में हुए एक इंटरव्यू के दौरान इस मामले के बारे में पूछा गया तो उन्होंने जो कहा वह सभी के होश उड़ा गया। जी दरअसल अदाकारा ने कार्तिक आर्यन संग अपने रिश्ते पर कहा कि, मुझे नहीं पता कि सोशल मीडिया हमारे लिए अच्छी चीज है या बुरी, क्योंकि लोग इस पर अलग-अलग बातें करने लगते हैं। अगर आप मुझसे छोटी-छोटी अफवाहों के बारे में पूछेंगे तो ये सब मुझे बिल्कुल परेशान नहीं करती हैं। बस आप लोग जो महसूस करते हैं काश मेरी लाइफ उतनी दिलचस्प होती।।। जितनी लग रही है।

## खेल

RCB को लगा दूसरा झटका

# 38 गेंद में 48 रन बनाकर आउट हुए रजत, डुप्लेसिस ने लगाया अर्धशतक




**मुंबई।** डबल हेडर रविवार का पहला मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जा रहा है। RCB ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया है। ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डु प्लेसिस क्रीज पर मौजूद हैं। 13 ओवर के बाद स्कोर 113/2 है।

### विराट का खराब फॉर्म जारी

मैच की पहली ही गेंद पर विराट कोहली गोल्डन डक पर आउट हो गए। जे सुचित ने उन्हें पैरों पर फुलर लेंथ की गेंद डाली जिसे विराट फ्लिक करने गए और गेंद सीधे विलियमसन के हाथों में चली गई। इस सीजन विराट तीसरी बार जीरो पर आउट हुए हैं। हैदराबाद के खिलाफ पहले मुकाबले में भी विराट अपना खाता नहीं खोल पाए थे। वहीं, लखनऊ के खिलाफ मैच में विराट गोल्डन डक पर आउट हो गए थे।

### उमरान मलिक के पहले ओवर में 20 रन

विराट के आउट होने के बाद फाफ डु प्लेसिस और रजत पाटीदार ने RCB की पारी को संभाला। शानदार फॉर्म में चल रहे उमरान मलिक की पहली ही ओवर में दोनों ने मिलकर 20 रन बना दिए। इस ओवर में 3 चौका और एक छक्का लगा।

बेंगलुरु- रजत पाटीदार, फाफ डु प्लेसिस, विराट कोहली, दिनेश कार्तिक, ग्लेन मैक्सवेल, वानिंदु हसरंगा, शाहबाज अहमद, महिपाल लोमरोर, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, जोश हेजलवुड

हैदराबाद- केन विलियमसन, राहुल त्रिपाठी, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, शशांक सिंह,अभिषेक शर्मा, फजल हक फारुकी,भुवनेश्वर कुमर, उमरान मलिक, कार्तिक त्यागी, जे सुचित

SRH की बात करें तो उसने 10 मुकाबले खेल कर 5 में जीत हासिल की है। उसका नेट रन रेट +0.325 है। RCB ने 11 मुकाबले खेले हैं, जिनमें 6 बार उसके हाथ लगी है। बेंगलुरु का नेट रन रेट -0.444 है।

# संतोष ट्रॉफी विजेता केरल को एक करोड़ रुपये का पुरस्कार

**कोच्चि ।** वीपीएस हेल्थकेयर के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. शमशीर वायलिल द्वारा आयोजित केरल फुटबॉल टीम के सम्मान समारोह के दौरान फुटबॉल खिलाड़ियों की तीन पीढ़ियों को एक साथ देखना एक अविश्वसनीय क्षण था। एनआरआई उद्यमी शमशीर वायलिल ने एक छत के नीचे जुटे तमाम फुटबाल दिग्गजों की मौजूदगी में संतोष ट्रॉफी विजेता टीम को एक करोड़ रुपये का पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की।

यह आयोजन राज्य के पुराने और नए दोनों तरह के बेहतरीन फुटबॉलरों का एक आनंदमय पुनर्मिलन था, जिन्होंने केरल फुटबॉल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। पूर्व संतोष ट्रॉफी विजेता कप्तान - कुरिकेश मैथ्यू (1993), वी. शिवकुमार (2001), सिल्वेस्टर इग्नाटियस (2004), राहुल देव (2018) - और अन्य दिग्गज खिलाड़ी, जिनमें आईएम विजयन, जो पॉल एंचेरी और आसिफ साहिर शामिल हैं, ने इस आयोजन की शोभा बढ़ाई।

पूर्व संतोष ट्रॉफी विजेता कप्तान दिवंगत वीपी सत्यन की पत्नी अनीता सत्यन और पूर्व फुटबॉल कोच टी.ए. जाफर और एम. पीतांबरन भी इस अवसर पर मौजूद थे। 1973 के चैंपियनशिप विजेता कप्तान दिवंगत टी.के.एस मणि के परिवार के सदस्य, जो इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, ने सभी को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### 12वीं हॉकी इंडिया नेशनल सीनियर हॉकी में नवप्रीत कौर करेगी पंजाब टीम की कप्तानी

**जालंधर ।** भोपाल (मध्य प्रदेश) में छह मई से शुरू हुई 12वीं हॉकी इंडिया नेशनल सीनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली पंजाब हॉकी टीम की कप्तानी नवप्रीत कौर करेंगी।

हॉकी इंडिया द्वारा नियुक्त हॉकी पंजाब की तदर्थ समिति के सदस्य ओलंपियन बलविंदर सिंह शम्मी ने शुक्रवार को बताया कि 6 से 17 मई तक भोपाल (मध्य प्रदेश) में अयोजित होनी वाली 12वीं हॉकी इंडिया नेशनल (सीनियर महिला) हॉकी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली पंजाब हॉकी टीम का कप्तान नवप्रीत कौर होंगी जब कि शालू मान (पटियाला) को उप कप्तान बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पंजाब हॉकी टीम में कमलजीत कौर, ज्योतिका कलसी, शेरिया मिश्रा, मीनाक्षी, संजना, किरणदीप कौर, नवजोत कौर, महिमा, रूपिंदर कौर, याशिका नेगी, सिमरन चोपड़ा, सालिका, चंदनप्रीत कौर, राशनप्रीत कौर, किरणदीप कौर और सरबदीप कौर को शामिल किया गया है।

### राउंडग्लास टेनिस अकादमी में खिलाड़ियों के पहले बैच की इंडक्शन सेरेमनी

**चंडीगढ़ ।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी ने चंडीगढ़ क्लब में आयोजित समारोह में अपनी अकादमी के लिए युवा एथलीटों के अपने पहले बैच को शामिल किया। अप्रैल में आयोजित हुए चयन ट्रायल में पूरे भारत से खिलाड़ियों द्वारा मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, अकादमी की खुद की स्क्रीनिंग प्रक्रिया के आधार पर कुल 15 खिलाड़ियों को कार्यक्रम के लिए चुना गया है ।

चयनित खिलाड़ियों को 100 प्रतिशत कोचिंग छात्रवृत्ति मिलेगी, जिसमें अत्याधुनिक प्रशिक्षण, पोषण, स्पोर्ट्स साइंस, फिज़िकल एवं मेन्टल कंडीशनिंग और टूर्नामेंट में हिस्सा लेने जैसी अनेकों सुविधाएं शामिल हैं। प्रत्येक एथलीट को उसके व्यक्तिगत जरूरतों और लक्ष्यों के अनुरूप कस्टमाइज्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम मिलेगा ।

राउंडग्लास टेनिस अकादमी के तकनीकी निदेशक (टेक्निकल डायरेक्टर) आदित्य सचदेवा ने कहा, यह हमारे लिए एक अद्भुत क्षण है और हम टेनिस में देश की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। हमारा उद्देश्य इन युवा एथलीटों का विकास करना और उन्हें विश्व स्तरीय एथलीट एवं वेल राउंडेड पर्सनालिटी के रूप में विकसित करना है। व्होलिस्टिक वेल्बीइंग के सिद्धांतों के अनुसार हम उन्हें जूनियर स्तर पर ऐसा प्रशिक्षण देंगे कि जो कि भारत में पहले नहीं देखा गया है ।

### मुम्बई की गुजरात टाइटंस पर सनसनीखेज जीत

**मुम्बई ।** डेनियल सैम्स के आखिरी जबरदस्त ओवर के दम पर मुंबई इंडियंस ने चोटी की टीम गुजरात टाइटंस को आईपीएल मुकाबले में पांच रन से हरा दिया। गुजरात को आखिरी ओवर में जीत के लिए नौ रन चाहिए थे लेकिन सैम्स ने गुजरात को उसकी मंजिल पर जाने से पहले रोक दिया। मुंबई ने ईशान किशन (45), कप्तान रोहित शर्मा (43) और टिम डेविड (नाबाद 44) की आतिशी पारियों से 20 ओवर में छह विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर गुजरात को 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन पर रोक दिया। ईशान और रोहित ने मुम्बई के टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते ओपनिंग साझेदारी में 74 रन जोड़े।

पुजारा का एक और शतक

# 3 साल तक नहीं बने रन, ससेक्स के लिए लगातार चौथी बार 100 के पार




**मुंबई।** एक वक्त चेतेश्वर पुजारा को टीम इंडिया की अगली दीवार माना जा रहा था, उन्हें राहुल द्रविड़ के कोच बनने के बाद टीम में अपनी जगह से हाथ धोना पड़ा। हर तरफ कहा जाने लगा कि पुजारा के लिए वापसी अब शायद संभव नहीं हो पाएगी। 34 साल के पुजारा अगर चाहते तो रिटायरमेंट ले सकते थे। आलोचना को दरकिनार करते हुए पुजारा ने इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स की ओर से खेलते हुए चौथा शतक लगा दिया है।

यहीं पर चैंपियन खिलाड़ी और साधारण प्लेयर का फर्क समझ में आता है। दक्षिण अफ्रीकी दौरे से लेकर रणजी ट्रॉफी तक जब उनके बल्ले से रन नहीं निकले, तो पुजारा ने इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप का रुख किया।

फिर अपनी मेहनत से वक्त, हालात और लोगों के जज्बात बदल दिए। इंग्लैंड की मशहूर काउंटी चैंपियनशिप में सेकंड डिवीजन में पुजारा पिछले 1 महीने से ससेक्स क्रिकेट क्लब के लिए खेल रहे हैं। इस क्लब की ओर से खेलते हुए पुजारा ने अभी तक चार मैच खेले हैं और हर मैच में उनके बल्ले से एक शतक निकला है। शनिवार, 7 मई को पुजारा ने मिडिलसेक्स के खिलाफ दूसरी पारी में शतक ठोक दिया।

17 विकेट चटका चुके हैं नटराजन

# 153 की स्ट्राइक रेट से चल रहा है मैक्सवेल का बल्ला




**मुंबई।** IPL के 54वें मुकाबले में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला दोपहर 3:30 बजे से वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई में खेला जाएगा। दोनों ही टीमों में पावर हिटर खिलाड़ियों की भरमार है और ऐसे में मुकाबला दिलचस्प होने की पूरी उम्मीद है।

जहां एक तरफ बेंगलुरु ने लगातार हार के क्रम को तोड़ा है, तो वहीं सनराइजर्स लगातार तीन मुकाबले गंवा चुकी है। दोनों ही टीमों में पावर हिटर खिलाड़ी और उम्दा गेंदबाज मौजूद हैं, ऐसे में मुकाबला दिलचस्प होने की पूरी उम्मीद है। आइए, आपको बताने का प्रयास करते हैं किन खिलाड़ियों को फैंटेसी टीम का हिस्सा बनाने से अधिक पॉइंट्स जीत सकते हैं?

दिनेश कार्तिक और निकोलस पूरन को विकेटकीपर के तौर पर लिया जा सकता है। धमाकेदार शुरुआत के बाद थोड़ी खामोशी और अब फिर से एक बार दिनेश कार्तिक फिनिशर अवतार में लौट आए हैं। CSK के खिलाफ आखिरी ओवर में उनके बनाए रन निर्णायक साबित हुए।

# सफाई कर्मचारियों के हड़ताल का तीसरा दिन अब तक कोई सुध लेने वाला नही- आम आदमी पार्टी ने किया समर्थन

छत्तीसगढ़ / जगदलपुर । न्यूनतम वेतनमान और साप्ताहिक अवकाश की मांग लेकर मेडिकल कॉलेज/हॉस्पिटल जगदलपुर की महिला कर्मचारी पिछले 05 माह से आंदोलन रत हैं।



अगर सोमवार तक वेतन नही दिया गया तो आम आदमी पार्टी इस मामले को लेकर उग्र आंदोलन करेगी–तरुणा साबे बेदरकर

जानकारी होकि उक्त महिला कर्मचारियों ने लगातार ज़िला कलेक्टर, सहित श्रम विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों तक पत्राचार, धरना प्रदर्शन और कलेक्टर कार्यालय का घेराव भी किया।

बावजूद न्यूनतम वेतनमान का लाभ और साप्ताहिक अवकाश उन्हें आज तक प्राप्त नही हो पाया है। इस बीच पिछले एक वर्ष से वेतन दिए बगैर काम करवा रहे 20 से अधिक कर्मचारियों ने जब वेतन ना मिलने की शिकायत श्रम विभाग में किया तब द्वेषवश उन्हें कंपनी प्रबंधन द्वारा काम से निकाल देने के बाद लगभग 200 महिला कर्मचारी अब सामूहिक रूप से हड़ताल पर चले गए हैं।आज हड़ताल का तीसरा दिन होने के बाबजूद भी अस्पताल प्रबंधन और ठेका कम्पनी को अस्पताल में सफाई व्यवस्था चरमरा जाने भी कोई फर्क नही पद रहा है मरीजों के हाइजीन के साथ खिलवाड़ करते हुए असंवेदनशील बने हुए हैं। आम आदमी पार्टी ने महिला कर्मचारियों के इस हड़ताल का समर्थन किया है। धरना स्थल मेडिकल कॉलेज पर जिला अध्यक्ष तरुणा साबे बेदरकर ने साथ विधानसभा सोशल मीडिया अध्यक्ष धीरज जैन,उपाध्यक्ष फूलमती कुड़ियाम के साथ तीसरे दिन हड़ताल स्थल पर पहुँची। उन्होंने आंदोलनरत कर्मचारियों को न्याय पाने तक हर परिस्थिति में साथ निभाने का वादा किया है।साथ ही साथ जिला अध्यक्ष तरुणा बेदरकर ने कहा कि सफाई कर्मचारी की कम्पनी द्वारा अगर सोमवार तक वेतन नही दिया जाता तो आम आदमी पार्टी इनके साथ मिल कर उग्र आंदोलन की रूप रेखा तैयार करेगी ।और ज़िम्मेदार पदाधिकारियो,जनप्रतिनिधियों को आइना दिखाएगी।

## एक नजर

### क्षमता विकास के लिए रायपुर रवाना हो रहे युवोदय के वालंटियर्स के वाहन को आईजी कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी




**जगदलपुर** ।क्षमता विकास के लिए रायपुर रवाना हो रहे युवोदय के वालंटियर्स को आज मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर से बस से रवाना किया गया। यहां पुलिस महानिरीक्षक श्री सुंदरराज पी तथा कलेक्टर श्री रजत बंसल ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### वन विभाग के कार्यों की हुई समीक्षा



**जगदलपुर** ।वन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित व्यास तथा वन मंडलाधिकारी श्री डीपी साहू द्वारा विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान अधिकारियों ने शासन की महत्वाकांक्षी आवर्ती चराई योजना के बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया। आवर्ती चराई के लिए चिन्हांकित स्थानों में पशुओं के लिए शेड, कोटना, पानी की व्यवस्था होने के साथ ही वहां गोबर खरीदी और खाद निर्माण का कार्य सतत करने के निर्देश दिए गए। खाद के एवज में भुगतान में किसी भी प्रकार का विलंब नहीं करने को कहा गया। इसके साथ ही मनरेगा मजदूरों के भुगतान में विलंब पर भी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। निजी एवं सामुदायिक वन अधिकार पत्र के आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। कोदो-कुटकी, रागी आदि लघु धान्य फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की समीक्षा के साथ ही इनका रकबा बढ़ाने के लिए भी प्रयास करने को कहा गया। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना के तहत किसानों को वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए तथा शिकायत की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

### अर्द्धसैनिक बलों के जवानों के लिए जगदलपुर से दिल्ली तक प्रारंभ हुई निःशुल्क विमान सेवा

पहले दिन जगदलपुर से 37 जवान हुए रवाना

**जगदलपुर** ।बस्तर के जनता की रक्षा के लिए नक्सल मोर्चे पर डटे रहने वाले केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों के जवानों के लिए जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट से दिल्ली तक के लिए निःशुल्क विमान सेवा आज से प्रारंभ हो गई है। 78 सीटर इंडिगो विमान के शाम 4.10 बजे जगदलपुर पहुंचने पर वाटर सैल्यूट के साथ स्वागत किया गया। वहीं इस अंचल के लोगों की रक्षा के लिए अपने परिवार से दूर रहने वाले जवानों को जब यह अनुठी सौगात मिली तो, उनकी खुशी भी बढ़ गई। आज पहले दिन शाम पौने पांच बजे इस विमान से 37 जवान रवाना हुए, जिन्हें एयरपोर्ट पर फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर रवाना किया गया। इस दौरान केक काटकर भी खुशियों का इजहार किया गया। इस अवसर पुलिस महानिरीक्षक श्री सुंदरराज पी. सीआरपीएफ के डीआईजी श्री अखिलेश प्रताप सिंह, कलेक्टर श्री रजत बंसल, एयरपोर्ट संचालक श्री भौमिक आदि उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ की सीनियर महिला हॉकी टीम नेशनल हेतु भोपाल रवाना



**राजनांदगांव** । दिनाक 06 से 17 मई 2022 तक भोपाल में आयोजित सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप हेतु राज्य की हॉकी टीम समता एक्सप्रेस में राजनांदगांव से भोपाल के लिए 05.05.2022 को रवाना हो गई है । छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फ़िरोज़ अंसारी के मार्गदर्शन व हॉकी कोच अमित माथुर, किशोर धीवर, तथा रवि राव के नेतृत्व में आयोजित कोचिंग कैम्प में खिलाडीयो का चयन उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के आधार पर किया गया है,। राज्य की सीनियर महिला हॉकी टीम का पहला मैच दिनांक 9 मई 2022 को पंजाब के साथ खेला जायेगा । छत्तीसगढ़ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप में भाग ले रही राज्य की महिला हॉकी टीम में शामिल खिलाड़ियो में रुषाली कश्यप, गायत्री शिन्दे, पूजा यादव, भूमिका उपाध्याय, गीतांजलि निर्मलकर,लक्ष्मी चंदेल,अंजलि महतो,लीना कोशरे सब्बी नाज़, दीपा प्रजापती,अनिशा तिर्की,वर्षा सोनकर, मेघा तुमरेकी,अनिता होरो, दक्षिता यादव,वैशाली आर्या, अंजली चौबे, ममता गोंड, तथा हाजी नाजिर अहमद (कोच) व सुश्री रंजू सागर (मैनेजर )के रूप में शामिल है।

### बस्तर में भी चक्रवाती तूफान असानी का असर रहेगा

तूफान के 10 तक ओड़िशा-आंध्र व बंगाल के समुद्र तट से टकराने की संभावना

**जगदलपुर** । बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान का नामकरण असानी किया गया है। असानी अब धीरे-धीरे गति पकड़ने लगा है, चक्रवाती तूफान 10 मई तक ओड़िशा-आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के समुद्र तट से टकरा सकता है। बस्तर के सीमावर्ती जिलों में समुद्री तूफान असानी का असर रहेगा, मलकानगिरी की सीमा सुकमा जिले से सटी हुई है, जिसके कारण असानी का असर बस्तर में भी दिखाई देगा।

## थाना केशकाल पुलिस ने ग्राम बेड़मा में लगाया गया चलित थाना

सायबर अपराध व यातायात नियमों के बारे में विस्तार पूर्वक दी गई जानकारी।



**कोण्डागांव।** कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के आदेश से तथा एडिशनल एसपी श्री राहुल देव शर्मा के नेतृत्व मे व थाना केशकाल क्षेत्र के ग्राम बेड़मा में चलित थाना लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी गई। इस कायर्क्रम में बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीण पुलिस को अपने गांव एवं अपने बीच पाकर काफी उत्साहित व खुश दिखाई दिये।


उपस्थित ग्रामीणों को सायबर अपराध, ऑनलाईन ठगी, एटीएम ठगी, चिटफंड कंपनी के द्वारा ठगी के बारे में विस्तृत जानकारी देकर इससे बचने के उपाय भी बताये गये। समाज में होने वाली दहेज प्रताड़ना, घरेलू हिन्सा, बाल विवाह, छेड़छाड़ तथा बच्चों के ऊपर होने वाली लैंगिक अपराध, बाल मजदूरी, मानव तस्करी के बारे में विस्तृत चर्चा कर महिला एवं बच्चों को कानून के द्वारा प्रदत्त उनके अधिकारों के बारे में एवं यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

### महिलाओं को अभिव्यक्ति एप के बारे में दी गई जानकारी।

बाहर से आये ढोंगी बाबा, जेवर गहने साफ करने वाले के चक्कर में नहीं पड़ने समझाईस दी गई, महिलाओं को अभिव्यक्ति एप के बारे में विस्तृत जानकारी देकर एप डाउनलोड कर शिकायत कैसे कर सकते हैं बताकर जागरूक किया गया। गांव के नवयुवको को खेल सामाग्री में नेट बालीबाल किट, का वितरण किया गया। गांव में किसी भी प्रकार की छोटी-बड़ी घटना घटित होने से तत्काल थाना केशकाल को सूचित करने हेतु आग्रह किया गया।

## प्रशासनिक तंत्र जनहित में सही ढंग से काम करता है तो इससे सरकार की छवी बनती है - कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ

मुख्यमंत्री ने कहा मेरा काम करने का सीधा तरीका है, जो अच्छा काम करेगा, उनको प्रशंसा और जो अपने दायित्यों का निर्वहन नहीं करेगा, उनको पनिशमेंट मिलेगा


राजेन्द्र जग्गी


सैय्यद अफजल

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूरे 90 विधानसभाओं के दौरे पर है, और वो अपने दौरे को लेकर सुर्खियों में हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रशासनिक कसावट के निर्देश दिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा है कि अगर किसी गरीब को राशन कार्ड नहीं मिल पा रहा है तो यह हमारी गलती है। समस्या है तो वरिष्ठ अधिकारियों को बताइए, जनता के प्रति जवाबदेह बनिए। लोगों से उनकी भाषा में बात करिए, उनको अच्छा लगेगा। गुड गवर्नेंस का यही तरीका है, अगर प्रशासनिक तंत्र सही ढंग से काम करेगा तो इससे सरकार की छवि बनती है। सीएम भूपेश बघेल जनता के हित मे लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई कर रहे है।

प्रदेश कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी एवं जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सैय्यद अफजल अली ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के पहले दिन सामरी विधानसभा के कुसमी सहित शनिवार को हुई कार्यवाही को मिलाकर अब तक जनता के समस्याओं का समाधान नहीं करने वाले सात अधिकारी-कर्मचारी को निलंबित कर चुके है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात अभियान के चौथे दिन भटगांव विधानसभा क्षेत्र के बिहारपुर ग्रामीणों की मांग पर सौगातों की झड़ी लगा दी। मुख्यमंत्री ने बिहारपुर में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ करने, रक्सगडा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, ग्रामीणों के आग्रह पर बिहारपुर मुख्य सड़क मार्ग के निर्माण, गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं की मांग कन्या छात्रावास, ग्रामीणों की आग्रह पर खारपाथर हाईस्कूल के हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन, अगले वर्ष से बिहारपुर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा और एटीएम की सुविधा प्रारंभ करने और अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए ट्रांजिट होटल निर्माण की घोषणा की, मुख्यमंत्री ने छात्राओं बहनों कि आग्रह पर अनेक घोषणा, कर सौगातों की झड़ी लगा दी और सबका दिल जीत लिया। भेंट मुलाकात के कार्यक्रम के दौरान विगत दिनों को लड़ाई-झगड़े की एक घटना में पति को खो चुकी दिव्या कुशवाहा बहन से भेंट हुई। उन्होंने बताया कि उनके पास जीवन-यापन के लिए कोई साधन नहीं है, अब उनके परिवार में 6 साल के बेटे के अलावा कोई नहीं है। उनकी समस्या को सुनकर मुख्यमंत्री ने तत्काल 4 लाख रूपए सहायता राशि देने की घोषणा की और कहा हमारी सरकार में कोई माता-बहन असहाय नहीं रहेगी।

### छत्तीसगढ़ मे बदलेगा मौसम का मिजाज

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी में ताकतवर हो रहे तूफान असानी के 10 मई को ओड़िशा तट से टकराने से एक दिन पहले यानी 9 मई से छत्तीसगढ़ में घने बादल आने लगेंगे और कई जगह अंधड़ भी चल सकते हैं। इसका असर 11 मई तक रहेगा तथा गरज-चमक के साथ प्रदेश में कई जगह बारिश हो सकती है।

हालांकि अब भी दो अलग-अलग सिस्टम के असर के कारण सप्ताहभर से भीषण गर्मी से राहत है। शनिवार को आसमान साफ रहने के बावजूद प्रदेश में कहीं भी लू के हालात नहीं बने। असानी साइक्लोन के ओडिशा या आंध्र तट से टकराने से पहले बस्तर और लगे हुए रायपुर संभाग पर घने बादल आने के आसार हैं।

## बालक आश्रम करियाकाटा में परीक्षा परीणाम घोषित



**कोंडागांव** । बालक आश्रम करियाकाटा संकुल केंद्र मयूर डोंगर विकास खंड व जिला कोंडागांव में शुक्रवार 6 मई को शिक्षा सत्र 2021- 2022 का परीक्षा परिक्षा परिणाम घोषित किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेवी व शिक्षाविद सुरनजन आचार्य ,विशिष्ट अतिथि के रूप में जगत राम जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 22 और भूतपूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बयानार लिबरूराम नेताम तथा सुदूर विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए छात्र व पालकगण मौजूद रहे। सर्वप्रथम शाला के प्रधान पाठक हितेंद्र श्रीवास द्वारा विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रतिवेदन बताया गया । जिसमें कक्षा पहली से पांचवीं तक कुल 50 बच्चे दर्ज है जिसमे सभी बच्चो ने परीक्षा दी । सभी बच्चो को कक्षा उन्नति दी गई । कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान पर रिकेष कुमार पिता संतु राम , द्वितीय स्थान पर कृपेश कुमार पिता धन्नू राम और तृतीय स्थान पर छत्रपाल पिता बुधु राम को प्रगति पत्र स्थानांतरण प्रमाण पत्र व अभ्यास पुस्तिकाएं सह कलम पुरूस्कार स्वरूप प्रदान किया गया । सभी छात्रों को भी प्रगति पत्र , स्थानांतरण प्रमाण पत्र व पुरूस्कार दिया गये ।

## मोहन मरकाम का जनसंपर्क जारी, निकले दो दिवसीय विधानसभा दौरे पर

दौरे के दौरान 75 लाख के निर्माण कार्यों की दी सौगात



**कोंडागांव।** - प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम कोंडागांव नगरपालिका क्षेत्र के वार्डो मे जाकर जनसम्पर्क कर रहे हैं और जनता की समस्याओं से रूबरू हो रहे 7 मई को भेलवापदर वार्ड 8 मई को कोपाबेडा वार्ड पहुंच आमजन से रूबरू हुए इसके साथ ही आगे भी सभी वार्डो मे पहुंच जनता से सीधे मुलाक़ात कर उनकी समस्याओ को जानेंगे साथ ही दो दिवसीय विधानसभा क्षेत्र मे दौरे के प्रथम दिन मे ग्राम पंचायत नेवता मे नाली एवं घाट निर्माण कार्य लागत 4.94 लाख, केनाल पुलिया निर्माण का भूमिपुजन लागत 21.67 लाख,ग्राम पंचायत मुलमुला मे नाली निर्माण कार्य लागत 9.43 लाख ग्राम फुका गिरोला मे सामुदायिक भवन निर्माण लागत 6.67 लाख का भूमिपुजन किया गया ग्राम पंचायत कुलझर पंचायत भवन लागत 14.47 लाख, पुलिया निर्माण लागत 5 लाख,सीसी सड़क निर्माण 5 लाख,सांस्कृतिक भवन 3.50 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।आज के दौरे मे लगभग 75लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपुजन लोकार्पण किया गया क्षेत्र मे हो रहे नए नए विकास कार्यों को जनता के बिच लाने विकास के सारथी बने विधायक मोहन मरकाम का क्षेत्रवासियों ने आभार माना कुलझर पहुंचने पर ग्रामीणों ने बैण्डबाजे के साथ लगभग आधे किलोमीटर से नाचते गाते स्वागत सत्कार कर कार्यक्रम स्थल तक लेकर आये।

## हजारों युवाओं के द्वारा मौन धरना




**कोण्डागांव।** गोंडवाना समन्वय समिति हसदेव अरण्य परसा कोल माइंस भारत की फेफडा समृद्ध वन संपदा की रक्षा को लेकर दिनांक 07/05/2022 को हसदेव बचाओ अभियान जो कि फर्जी ग्रामसभा के माध्यम से अनुमति प्रदान कर अदानी समूह को आदिवासियों की जीवन के साथ खिलवाड़ के विरुद्ध में सर्व आदिवासी समाज युवा प्रभाग जिला कोण्डागांव के नेतृत्व में शासन का ध्यान आकृष्ट करने हेतु हजारों युवाओं के द्वारा मौन धरना शहर के हृदय स्थल शहीद वीर नारायण सिंह चौपाटी मैदान कोण्डागांव से सिटी कोतवाली पुराना विश्राम गृह तक तख्ती प्रदर्शित करते हुए ज्ञापन जिलाधीश कोण्डागांव के माध्यम से राष्ट्रपति राज्यपाल छग, एवं मुख्यमंत्री छ,ग, शासन के नाम दिया गया जिसमें मुख्य रुप से कॉल माइंस की अनुमति रद्द हो असंवैधानिक वृक्षों की कटाई पर तत्काल रोक लगे फर्जी ग्राम सभा कर अनुमति प्रस्ताव में लिप्त दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी पर तत्काल दण्डात्मक कारवाही हो, विकास के नाम पर वनों की कटाई व आदिवासियों की विस्थापन कि सिलसिला बंद हो जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर मेंट वेलफेयर के तमाम उच्च पदाधिकारी लया-लयोर,कोयतोर गोकुल कोंडानार्र, का पूर्ण समर्थन के साथ , गोंडवाना अध्यक्ष तिरु, बुधसिंह नेताम, सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष बंगा सोढ़ी, अंबेडकर सेवा संस्था के जिला अध्यक्ष संतोष सावरकर, गवर्नमेंट वेलफेयर के अध्यक्ष तिरु, नरसिंह देव मंडावी, गोंडवाना समाज समन्वय समिति के जिला प्रवक्ता तिरु, बिरेंद्र नेताम तथा युवा प्रभाग के सह सचिव तिरु, दसरू नेताम, उमाकांत नेताम,( गुंडाधुर ) ओमराज नेताम, कन्हैया पोयम, एवं सैकड़ों युवा -युवती शामिल हुए।

## बस्तर पुलिस ने जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर जनता से की चर्चा

उत्कृष्ट प्रदर्शन व कार्य करने वाले वार्ड वासियों को किया सम्मानित

जगदलपुर । उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा के द्वारा जगदलपुर के पथरागुड़ा में जनदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें श्री मीणा के द्वारा स्वयं जनता के मध्य बैठकर पुलिसिंग के संबंध में विस्तृत चर्चा कर साईबर अपराध, महिला सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति एप, सीसीटीवी कैमरा, परिवार में नैतिक संतुलन एवं शिक्षा की अनिवार्यता आदि बिन्दुओं पर चर्चा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा महिलाओं और बच्चों के सुरक्षा के लिए तैनात पिंक टीम एवं महिला सहायता प्रकोष्ठ जगदलपुर के सक्रियता एवं सम्पर्क सूत्र के संबंध में भी अवगत कराया गया। इसके अलावा सायबर फ्राड के मामलें में सावधान रहने की अपील भी किया गया है। उक्त कार्यक्रम में वार्डवासियों के द्वारा बेहतर पुलिसिंग के लिए आवश्यक सुझाव भी दिया गया है।

कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेघावी छात्र-छात्राओं आरती जेना, कु. मुस्कान यादव, कु. मेघावानखेडे, कु. गीतिका यादव, कु. योगिता साहू, हर्ष साहू, कु. रीतिका साहू, लक्की साहू, गर्व वानखेडे, समीर यादव, रजत बक्शी, जिया साहू, प्रेरणा सेंगर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं जन कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वार्ड वासियों को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में अति पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश शर्मा, आईपीएस (प्रोबेशनर) स्मृतिक राजनाला, नगर पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुश्री अपूर्वा सिंह क्षत्रीय, उप पुलिस अधीक्षक गीतिका साहू, थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू, थाना प्रभारी बोधघाट लालजी सिन्हा, वार्ड पार्षद एवं क्षेत्र के सम्मानीय जन उपस्थित थे।

# मेयर व एमआईसी सदस्यों ने घर पहुंच कर दिया निवास और जन्म प्रमाण पत्र

## मितान योजना के तहत आज 2 हितग्राहियों को घर पहुंचा कर दिया गया प्रमाण पत्र





जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

मितान योजना के तहत रायगढ़ नगर निगम के अंतर्गत जन्म, मृत्यू, विवाह और निवास प्रमाण पत्र सहित 13 सेवाओं की घर पहुंच सुविधा की शुरुआत हो चुकी है।

रविवार को अवकाश होने के बाद भी मेयर जानकी काटजू, एमआईसी सदस्य एवं उपायुक्त ने 2 हितग्राहियों के घर पहुंच कर जन्म एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र प्रदान किया। मजदूर दिवस के उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मितान योजना की शुरुआत की थी। यह योजना नगर निगम रायगढ़ में भी शुरू हो गयी है। शुरुआत में नगर निगम क्षेत्र के लिए दो मितान की नियुक्ति की गई है, जो जन्म, मृत्यू, विवाह एवं स्थाई निवास सहित 13 प्रकार की सेवाओं को घर पहुंचा कर हितग्राहियों को दे रहे हैं। आज सबसे पहले मिट्ठूमुड़ा निवासी भूपेंद्र सिंह ठाकुर पत्नी शारदा ठाकुर को 28 अप्रैल को पुत्री रत्न की प्राप्ति हुई थी। बच्ची का नाम उन्होंने किमाया रखा है। उन्होंने 14545 पर कॉल कर कर जन्म प्रमाण पत्र बनाने आवेदन किया था। जन्म प्रमाण पत्र बनने के उपरांत मेयर जानकी काटजू, एमआईसी सदस्य विकास ठेठवार, शाखा यादव, उपायुक्त सुतीक्षण यादव ने घर पहुंच कर योजना के तहत जन्म पंजीयन प्रमाण पत्र दिया। इसके बाद गांधीगंज बंसल ट्रांसपोर्ट निवासी महेंद्र कुमार बंसल, पिता श्री बैजनाथ बंसल ने 14545 पर कॉल करके निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन किया था। इस पर आज उन्हें मितान योजना के तहत मेयर काटजू, एमआईसी सदस्य, उपायुक्त एवं निगम के अधिकारियों और मितान ने उनके घर पहुंच कर उन्हें निवास प्रमाण पत्र दिया। इस मौके पर योजना के सहायक नोडल श्री ऋषि राठौर व निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### लाभार्थियों ने शासन की पहल को सराहा

*प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने शासन की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना से घर बैठे ही विभिन्न सेवाओं का लाभ मिल रहा है और महत्वपूर्ण दस्तावेजों की होम डिलीवरी हो रही है। इससे निश्चित तौर पर नागरिकों के मेहनत और समय की बचत होगी।*

# नक्सली दहशत ने थामे पैसेंजर ट्रेनों के पहिये

विशाखापट्नम से किरंदुल नहीं आएंगी ट्रेनें; 12 मई तक नक्सली मना रहे काल मार्क्स की जयंती



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में माओवादी दशहत की वजह से एक बार फिर यात्री ट्रेनों के पहिए थम गए हैं। किरंदुल-विशाखापट्टनम रेलवे मार्ग पर जगदलपुर से किरंदुल के बीच अब 12 मई तक तक पैसेंजर ट्रेनें नहीं चलेंगी। विशाखापट्टनम से निकली ट्रेनों का जगदलपुर ही अंतिम स्टॉपेज होगा और यहीं से लौटेंगी। दरअसल, बस्तर में माओवादी 11 मई तक काल मार्क्स की जयंती मना रहे हैं। वहीं 12 मई को नक्सली दमन विरोधी सप्ताह मनाएंगे। इसी वजह से यात्री ट्रेनों को बंद करने का रेलवे ने निर्णय लिया है।

किरंदुल-विशाखापट्टनम रेलवे मार्ग पर साल 2022 में अब तक लगभग 35 दिन यात्री ट्रेनें बंद रही है। 28 अप्रैल से 6 मई तक ब्रिज के मेंटेनेंस और बाकी दिन नक्सली बंद की वजह से ट्रेनों का परिचालन नहीं हो सका है। हालांकि, किरंदुल से विशाखापट्टनम के बीच मालगाड़ियों की आवाजाही बरकरार रही है। 6 मई तक मेंटेनेंस का काम पूरा होने के बाद 7 मई से ट्रेनों की आवाजाही शुरू की जानी थी। लेकिन, नक्सलियों के बंद के ऐलान के बाद रेलवे ने 12 मई तक बंद का निर्णय लिया है। रेलवे के सीनियर एसएमआर एमआर नायक ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पैसेंजर ट्रेनों को जगदलपुर में ही रोके जाने का निर्णय लिया गया है।

### दंतेवाड़ा-किरंदुल के बीच डेंजर जोन

रेलवे ने किरंदुल-विशाखापट्टनम रेलवे मार्ग पर दंतेवाड़ा-किरंदुल के बीच की दूरी को डेंजर जोन माना है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि, पिछले कुछ सालों में इसी मार्ग पर नक्सलियों ने रेलवे ट्रैक को उखाड़ कई दफा ट्रेनों को डिरेल किया है। जिससे करोड़ों रुपए का नुकसान झेलना पड़ा है। इसी वजह से जब भी माओवादी बंद का ऐलान करते हैं तो इस रुट पर चलने वाली दोनों ट्रेनों का परिचालन रोक दिया जाता है।

# कवर्धा में 15 दिन में 5 हत्याएं

अब अधेड़ को सिर कुचल कर मार डाला; सड़क किनारे सुबह मिली लाश



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में शनिवार देर रात एक अधेड़ की सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। उसका शव रविवार सुबह सड़क किनारे पड़ा मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या या हादसा स्पष्ट हो सकेगा। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। हालांकि अगर इसको हत्या न भी मानें तो 15 दिनों में हत्या की 4 वारदातें हो चुकी हैं। जानकारी के मुताबिक, सरोधा मार्ग के तारो गांव स्थित फार्म हाउस के सामने रविवार सुबह अधेड़ का शव मिला। उसकी पहचान भुवन गंधर्व के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि भुवन घोठिया मार्ग पर रहता था और मजदूरी करता था। अभी तक पता चला है कि भुवन अक्सर शराब पीकर फार्म हाउस की ओर जाता था। शनिवार शाम को भी वह नशे में फार्महाउस पहुंचा था। वहां चौकीदार से विवाद भी किया। उसे नशे में देख चौकीदार घर चला गया।

### सिर से निकल रहा था खून

अगले दिन सुबह जब चौकीदार पहुंचा तो फार्म हाउस के पास ही कॉम्पलेक्स के सामने भुवन की लाश पड़ी थी। उसके सिर से खून बह रहा था। इसके बाद उसने घटना की जानकारी अपने मालिक और पुलिस को दी। पुलिस के मौके से कोई हथियार या अन्य चीज नहीं मिली है, जिससे हत्या का पता चले। दूसरी ओर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।

एडिशनल SP मनीषा ठाकुर रावटे ने बताया कि मृत व्यक्ति की पहचान भुवन गंधर्व के रूप में हुई है। वह शहर के ठाकुर देव चौक पर ठेला लगाता था। कभी-कभी मजदूरी भी करता था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्या है या सामान्य मौत या फिर हादास, ये पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हत्या दर हत्या, पर हाथ खाली

पिछले 15 दिनों में कवर्धा में 4 हत्याएं हो चुकी हैं। 5वीं और आज की घटना को लेकर भी हत्या की आशंका है। पुलिस ने अभी तक दो मामलों की गुत्थी को सुलझा लिया है। इसमें दो नाबालिग सहित 3 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, लेकिन दो वारदातों को लेकर अभी भी पुलिस के हाथ खाली हैं।

# आयुक्त प्रकाश सर्वे ने पेयजल व्यवस्था को लेकर मॉर्निंग विजिट में किया वार्ड क्षेत्रों का निरीक्षण

**भिलाई** । रोज कमाने खाने वाला गरीब अऊ मध्यम वर्गीय परिवार के आदमी हन साहब, टुल्लू पंप नई ले सकन, बने करेव जेन पानी आये के बेरा मा बिजली ला बंद करथो, नई ता हमन मन ला पानी नई मिलतीस, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के पेयजल के निरीक्षण के दौरान सुनंदा सहारे ने यह बातें कही, वार्ड क्रमांक 46 की निवासी सुनंदा ने कमिश्नर को बताया कि पानी सप्लाई के दौरान विद्युत कटौती करने से टुल्लू पंप लगाने वाले टुल्लू पंप से पानी नहीं खींच पा रहे हैं, जिससे हमारे घरों तक पर्याप्त मात्रा में प्रेशर के साथ पानी पहुंचने लगा है, गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार होने के कारण टुल्लू पंप खरीदना हमारे लिए आसान नहीं है। जिनके पास टुल्लू पंप के लिए पैसे हैं वह खरीद कर पानी खींच लेते थे, पानी सप्लाई के दौरान ठीक समय पर विद्युत कटौती होने से सभी घरों में पर्याप्त और समान मात्रा में पानी मिल रहा है, श्रीमती सुनंदा ने पानी सप्लाई के दौरान विद्युत कटौती के निर्णय को सार्थक बताया।

## एक नजर

चौपाटी पर चढ़ा दी कार

### मॉर्निंग वॉक पर निकले लोग जान बचाकर भागे, फूड स्टॉल में जा घुसी गाड़ी



**रायपुर।** रायपुर के तेलीबांधा इलाके में एक हादसा हो गया। रविवार की सुबह करीब 4:00 से 5:00 के बीच एक तेज रफ्तार कार चौपाटी में जा घुसी। सड़क के किनारे वॉक कर रहे लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। इस कार में रायपुर का एक कारोबारी और उसके साथ एक महिला मौजूद थी। सामने से हुई टक्कर की वजह से दोनों को चोटें आई हैं । कुछ स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से इन्हें अस्पताल भेजा गया है। हादसा कैसे हुआ, इसके कोई पुख्ता कारण अब तक सामने नहीं आ पाए हैं । फिलहाल पुलिस देर शाम तक कार सवार युवक युवती से पूछताछ कर सकती है। माना जा रहा है कि संतुलन बिगड़ने की वजह से कार सड़क के किनारे मौजूद चौपाटी के ठेलों से भिड़ गई। कुछ फूड स्टॉल इस हादसे में टूट गए हैं और कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

### आयुक्त ने आदेश जारी कर भवन निर्माण अनुमति विभाग में किया फेरबदल

**कोरबा** । आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय ने आदेश जारी कर नगर पालिक निगम कोरबा के भवन निर्माण अनुमति विभाग में बड़ा फेरबदल किया है, प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत कार्यपालन अभियंता अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ला को भवन अधिकारी का प्रभार सौपा गया है, वहीं कार्यपालन अभियंता एम.एन.सरकार को भवन अधिकारी के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। इस प्रकार कार्यपालन अभियंता अखिलेश्वर प्रसाद शुक्ला अब निगम के नए भवन अधिकारी होंगे। आयुक्त पाण्डेय ने एक अन्य आदेश में भवन निर्माण अनुमति शाखा में पदस्थ इंजीनियर व लिपिकीय कार्य देख रहे कर्मचारियों में भी बदलाव किया है। हृदयराम बघेल सहायक अभियंता अब अपने कार्यो के साथ-साथ भवन निर्माण अनुमति शाखा के कार्य को देखेंगे, वहीं श्रीमती गुलिस्ता साहू उप अभियंता को भवन निर्माण अनुमति शाखा से स्थानांतरित कर कोरबा जोन में पदस्थ किया गया है। अरविंद वानखेड़े सहायक ग्रेड-02 को स्थापना शाखा से भवन निर्माण अनुमति शाखा में लाया गया है, वहीं कम्प्यूटर आपरेटर अजय शुक्ला को भवन निर्माण अनुमति शाखा से स्थानांतरित कर स्थापना शाखा में पदस्थ किया गया है, साथ ही भवन निर्माण अनुमति शाखा में कार्य कर रहे स्वच्छता पर्यवेक्षक शैलेन्द्र नामदेव को स्वच्छता शाखा कोरबा जोन में स्थानांतरित किया गया है।

### महापौर ने किया आमजन से अपील- सरकार तुहर द्वार शिविर का उठाएं लाभ

**कोरबा** । महापौर राजकिशोर प्रसाद ने आमनागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराए जाने के उद्देश्य से शासन-प्रशासन द्वारा आयोजित होने जा रहे " सरकार तुहर द्वार " शिविरों का लाभ उठाएं, शिविरों में पहुंचे तथा अपनी समस्याओं का निराकरण पाएं।

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने अपील करते हुए कहा है कि 11 मई को निगम के कोरबा व टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 01 से वार्ड क्र. 16 तक के लिए समाधान शिविर का आयोजन साडा कन्या स्कूल टी.पी.नगर में किया गया है, इस शिविर में नगर पालिक निगम सहित जिले के समस्त 22 विभागों के काउंटर स्थापित होंगे, जहॉ पर संबंधित विभागों को अधिकारी कर्मचारी अपनी सेवाएं देते हुए नागरिकों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित निदान करेंगे। उन्होने कहा है कि इस हेतु पूर्व से ही तैयारी की जा रही है, अधिकारी कर्मचारी घर-घर पहुंचकर लोगों से उनकी समस्याएं जान रहे हैं, उनके आवेदन ले रहे हैं, इन आवेदनों का पंजीयन करते हुए विभागों के बीच आपसी समन्वय बनाकर इनका संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया जा रहा है, आयोजित होने वाले शिविर में निराकरण संबंधी जानकारी लोगों को दी जाएगी। महापौर प्रसाद ने आमनागरिकों से आग्रह करते हुए कहा है कि वे इन शिविरों का लाभ उठाएं, शिविरों में पहुंचे तथा अपनी समस्याओं का निराकरण पाएं।

पेड़ के नीचे मिली अधेड़ की लाश

# सुबह बाइक की तलाश करने निकला था, फिर नहीं लौटा, जहर पीकर जान देने की आशंका

कोरबा। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक अधेड़ उम्र के शख्स की लाश मिली है। पास में ही एक जहर की शीशी मिली है। इसी वजह से पुलिस को शक है कि उसने जहर खाकर खुदकुशी की है। इस मामले का पता तब चला पाया है। जब आस-पास के लोगों की नजर शव पर पड़ी थी। मामला CSEB चौकी क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, शहर के बीचों बीच स्थित 15 ब्लॉक बस्ती के एक पेड़ के पास एक शख्स के लाश पर लोगों की नजर पाड़ी थी। जिसके बाद लोगों ने ही पुलिस को इस बात की सुचना दी थी। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही आस-पास के बस्ती के लोगों को भी बुलाया गया था।

इसके बाद शव के पहचान की प्रक्रिया शुरू हुई, तब जाकर शव की पहचान हो सकी है। पता चला है कि मरने वाला शख्स 15 ब्लॉक इलाके का ही रहने वाला था। उसका नाम सूरज कुर्रे(47) है। पुलिस ने शव के पास से जहर की शीशी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक यह मामला जहर पीकर जान देने का लग रहा है। फिलहाल परिजनों से पूछताछ की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

### 3 बच्चों का पिता था सूरज

परिजनों के मुताबिक सूरज ने शनिवार को अपनी बाइक को आग लगा दिया था। इसके बाद उसने कबाड़ वाले से संपर्क किया था कि वे उसकी बाइक को ले जाएं। मगर उसके भैया-भाभी ने कबाड़ बाइक को बेचने से मना कर दिया। इस बीच कबाड़ी आकर वह बाइक ले गए थे। घर के लोगों को पता भी नहीं चला था। इसी बाइक ती तलाश करने सूराज सुबह घर से निकला था। फिर वापस घर नहीं लौट सका है। परिजनों के मुताबिक सूरज के 3 बच्चे थे। उसकी पत्नी मायके में रहती थी।

10 घंटों तक धधकती रही लपटें

# न्यूज चैनल का स्टूडियो पूरी तरह से जलकर खाक, रातभर में 7 करोड़ का हुआ नुकसान

रायपुर। रायपुर के पगारिया कॉम्प्लेक्स स्थित एक केबल नेटवर्क के न्यूज़ स्टूडियो में आग लग गई। आग की लपटों ने एक और कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। शनिवार की देर रात ये आग लगी। रविवार ही सुबह होते-होते करीब 10 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया।



पगारिया कॉम्प्लेक्स में मैट्स युनिवर्सिटी के पास ये हादसा हुआ है। लोकल केबल नेटवर्क का यहीं दफ्तर है। अनुमान लगाया जा रहा है कि केबल दफ्तर में हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से ये आग लगी होगी। जब हादसा हुआ दफ्तर में एक दो कर्मचारी मौजूद थे। जब अंदर की तरफ से धुआं उठने लगा तो कर्मचारी बाहर आ गए। अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की। मगर ऑफिस के फर्नीचर और दूसरे सामान झट से लपटों की चपेट में आ गए।

रायपुर के फायर स्टेशन से रात के वक्त यहां आग बुझाने के लिए दमकल की दो गाड़ियां पहुंची। आग पर काबू नहीं पाया जा सका तो और दो गाड़ियां बुलवानी पड़ीं। इसके बाद प्राइवेट स्टील प्लांट से भी कुछ गाड़ियां बुलवाई गईं। काफी देर तक आग पर काबू पाने का काम चलता रहा। रायपुर के कारोबारी और इस केबल नेटवर्क दफ्तर के मालिक गुरुचरण सिंह होरा और पुलिस के लोग रातभर यहां मौजूद रहे।

### किसी को चोट नहीं आई है

होरा ने कहा कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। पूरे दफ्तर मे धुआं भरने से दमकलकर्मियों को अंदर जाने में दिक्कत हो रही थी। ऑफिस के पीछे की दीवार तोड़कर दमकलकर्मी अंदर घुसे। इस आगजनी मे 5 से 7 करोड़ का नुकसान हुआ है। किसी को चोट नहीं आई है।

### एक दिन पहले भी लगी थी आग

शुक्रवार रात को भी अचानक राजबंधा मैदान इलाके में भी आगजनी की ऐसी ही घटना हुई। इसमें कबाड़ की एक दुकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। कबाड़ की दुकान के पास बने फूड स्टॉल के कुछ सिलेंडर भी फट पड़े थे। पिछले 24 घंटों में आगजनी की एक दूसरी बड़ी वारदात है।

# राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की ओर से ग्राम जमुना और चिंगारी का सामुदायिक वन संसाधान अधिकार का मूल्यांकन किया

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

**राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग विभाग और तीर फाउंडेशन रायपुर की टीम के 3 सदस्यों केएस ध्रुव, डॉक्टर गजेंद्र गुप्ता, योगेश अड़केने ने लैलूंगा ब्लॉक के दो गांव पहला ग्राम जमुना और दूसरा ग्राम चिंगारी का सामुदायिक वन संसाधन अधिकार का मूल्यांकन और शोध अध्ययन करने के लिए आए थे।**



टीम के साथ जनपद सीईओ एसएस रात्रे, नायब तहसीलदार रॉकी एक्का, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी, आदिवासी विभाग के प्रतिनिधि के तौर पर छात्रावास अधीक्षक उमेश पटेल, मंडल संयोजक डी, बायस भी उपस्थित रहे तथा प्रदान संस्था से सुजाता एक्का, मितेंद्र और दिव्या आदि उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत जमुना की सरपंच शिववती पैंकरा, सचिव दिनेश कुजूर और चिंगारी के भी पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सामुदायिक वन संसाधन अधिकार समिति के सदस्य, महिला स्व सहायता समुह के सदस्य और बहुत संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सीएफ आरआर का दावा करने का प्रक्रिया, वन अधिकार कानून को समझने का तथा अधिकार मिलने के बाद कार्य,सामुदायिक वन संसाधन अधिकार समिति का संस्थागत मजबूती और कामकाज और राजस्व रिकॉर्ड में शीर्षक के अद्यतन को समझना था। जिसमें उनके द्वारा ग्राम को प्राप्त सामुदायिक वन संसाधन अधिकार, सामुदायिक अधिकार, व्यक्तिगत अधिकार पर चर्चा किया गया। उपरोक्त चर्चा में आयोग द्वारा वन अधिकार दावा प्रक्रिया में गांव के द्वारा किए गए प्रक्रिया के बारे में वन अधिकार समिति, सरपंच एवं ग्रामवासी से पूछा गया।

समिति के द्वारा दावा प्रक्रिया को बताया गया। वन संसाधन अधिकार पत्र प्राप्त करने के बाद, वन संसाधन प्रबंधन समिति बनाने की प्रक्रिया प्रदान के साथ मिलके गाँव के द्वारा किए गए वन अधिकार पत्र के सीमांकनए वन प्रबंधन हेतु बनाए नियम संवर्धन हेतु वृक्षा रोपण प्लान को एवं जल संरक्षण को लेकर किए गए कार्य योजना, क्षेत्र भ्रमण, नरेगा कार्य अभिसरण पर चर्चा किया गया। जिसमें वहां के ग्राम प्रमुख समस्याओं और उनके निराकरण को लेकर भी चर्चा किया गया। प्रदान द्वारा दिया गया सहयोग के बारे में बात किया गया । इस गाँव में अधिकार मिलने के पश्चात प्रदान संस्था के सहयोग से प्रबंधन योजना, आंतरिक और आजीविका हस्तक्षेप की प्रक्रिया को सुगम बनाया है। सीएफ आरएमसी के सदस्यों ने सीमा मान चित्रण, वन के लिए मापदंड स्थापित करने, आंतरिक योजना और वन पैच योजना की अपनी यात्रा को साझा किया है। ग्रामीणों ने आयोग के सदस्य के सामने जेएफ एमसी की योजना और पारदर्शिता की प्रक्रिया की मांग की और वन विभाग के साथ समन्वय में अपनी चुनौतियों को साझा किया। आयोग की टीम ने सीएफ आरएमसी को मजबूत करने, राजस्व रिकॉर्ड में शीर्षक अद्यतन, ठोस ग्राम योजना के लिए वन और राजस्व विभाग के साथ सहयोग करने में प्रदान की सकारात्मक भागीदारी के निम्नलिखित हस्तक्षेपों की गुंजाइश खोली है। और इसके प्रति सभी विभाग को संगठित होकर काम करने के लिए सुझाव दिया गया।

## एक नजर

### न्यूज पेपर हाकरों को मिला अपना भवन, राजस्व मंत्री ने दी सौगात

विधायक मद से निर्मित भवन का राजस्व मंत्री ने किया लोकार्पण

**कोरबा** । न्यूज पेपर एजेंट एसोसिएशन निहारिका कोरबा के न्यूज पेपर हाकरों को अपना कार्य संपादन करने हेतु अब उनका स्वयं का अपना भवन उपलब्ध हो चुका है, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने विधायकनिधि से नवनिर्मित उक्त भवन का शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद के द्वारा की गई, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर के साथ ही पार्षद, एल्डरमेनगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

न्यूज पेपर एजेंट एसोसिएशन निहारिका के आग्रह पर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने विधायकमद से उक्त भवन निर्माण की स्वीकृत पूर्व में प्रदान की थी। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 09 लाख 50 हजार रूपये की लागत से उक्त भवन का निर्माण कराया गया है, शनिवार को आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री अग्रवाल ने उक्त भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रात: भ्रमण के दौरान मैं देखता था कि न्यूज पेपर एजेंट को बारिश के समय काफी परेशानी होती है, उन्हें विभिन्न दुकानों के परिसरों में अव्यवस्थित रूप से अपना कार्य संपादन करना पड़ रहा है, मैंने उनसे चर्चा की तथा उन्हें अपना स्वयं का भवन उपलब्ध कराने के लिए उन्हें आश्वस्त किया, आज यह भवन बनकर तैयार है, उन्होने कहा कि इसके पूर्व अधिवक्ताओं के लिए भवन व शिक्षकों को लिए भवन उपलब्ध कराए गए, आज न्यूज पेपर एजेंट के लिए यह भवन उपलब्ध कराया जा रहा है, ऐसे कार्यों में निश्चित रूप से आत्मसंतोष एवं खुशी का अनुभव होता है। राजस्व मंत्री अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज का कोई भी वर्ग हो, सभी के हितों के लिए कार्य करने के लिए मैं कटिबद्ध हूँ, हम जनप्रतिनिधि हैं, आमजनता ने हमें चुना है, हम पर विश्वास व्यक्त किया है, अत: उनके सुख-दुख में साथ खड़े रहना, हमारा दायित्व है।

### राजापड़ाव क्षेत्र में नल जल योजना से बदल रही है गांव की तस्वीर

शोभा ,अडगड़ी, कुशीयारबरसा ,मोतीपानी ,भूतबेड़ा सहित अन्य गांवों के लोगो को मिल रहा पानी

**गरियाबंद** । केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना से गांव की तस्वीरें बदलती नजर आ रही है जिला गरियाबंद के मैनपुर ब्लाक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां भौगोलिक बनावट के कारण अलग-अलग तरह की चुनौतियां खड़ी होती है नल जल योजना अंतर्गत सबको पानी की समान उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए गली मोहल्ले बस्तियों के घर घर तक नल का कनेक्शन पहुंचाया जा रहा है जिसके तहत सबको साफपानी की सुविधा उपलब्ध हो रही है सभी लोगों को पाइप लाइन के जरिए साफ पीने का पानी मुहैया कराया जा रहा है इस योजना के गांव में शीघ्रता से क्रियान्वयन होने से ग्राम वासियों को शुद्ध पेयजल का लाभ मिल रहा है लोग अब वह दिन भूल गए हैं जब बूंद बूंद पानी के लिए उनको कई मिलो तक दूर जाना पड़ता था लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला गरियाबंद के पूरे विकास खंडों में नल जल योजनाओं को रिट्रोफिटिंग योजनाएं के माध्यम से शेष ग्रामों किया जा रहा है इस योजना का लाभ ग्राम अडगड़ी, शोभा होशियार बरछा, मोतीपानी, व अन्य ग्रामों को मिल रहा है। जल जीवन मिशन अंतर्गत मुख्य पाइप लाइन विस्तार कर घर घर तक पानी पहुंचाया जाता है।

ग्राम पंचायत अडगड़ी के सरपंच से चर्चा करने पर बताया की नल जल योजना से हमारे गांव में सबके घर पानी पहुंच रहा है। कुछ दिन पहले थोड़ी सी दिक्कत हुई थी मगर अब पानी ठीक-ठाक पहुंच रहा है।

### अखिल भारतीय काव्य प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

हिन्दी साहित्य भारती गरियाबंद ने किया था आयोजन

**गरियाबंद** । अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हिन्दी साहित्य भारती गरियाबंद ने माता कौशल्या के जीवनी पर आधारित काव्य लेखन प्रतियोगिता का परिणाम आनलाइन गूगल मीट के माध्यम से घोषित किया।ज्ञात हो कि कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक डा.मुन्नालाल देवदास ने प्रतियोगिता हेतु श्री राम की जननी माता कौशल्या के पौराणिक इतिहास पर आधारित रचनाएँ आमंत्रित किया था!

इस अखिल भारतीय काव्य प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश मध्यप्रदेश,राजस्थान,पश्चिम बंगाल,बैंगलोर,सहित देशभर के लगभग 115 प्रतिभागी कवि साहित्यकारों ने बढचढकर भाग लिया था!रचनाकारों के रचनाओं का मूल्यांकन हेतु निर्णायक मंडल गठित किया गया था!जिसमें प्रमुख रुप से वरिष्ठ साहित्यकार राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक सीताराम साहू श्याम एवं जगदीश देशमुख शामिल थे!इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृष्ण मोहन निगम सरगुजा, छत्तीसगढ़,द्वितीय स्थान दिलीप जोशी उज्जैन मध्यप्रदेश,तथा तृतीय स्थान सत्येंद्र तिवारी रायपुर ने प्राप्त किया!विशेष पुरस्कार जिन्होंने संस्कृत भाषा मे लेखन किया था।

# बेमेतरा पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत गुम अपहृता बालिका को किया बरमद

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फु सलाकर साथ ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना परपोडी में अपराध सदर धारा 363 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल द्वारा थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक बीआर ठाकुर एवं थाना स्टाफ को तत्काल गुम अपहृता की पता तलास करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान थाना परपोडी पुलिस टेकनिकल टीम की मदद से नाबालिग गुम अपहृता बालिका को 6 मई 2022 को दस्तयाब कर बरामद किया गया है गुम अपहृता बच्ची को उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बच्ची के परिजनों ने अपने बच्ची को अपने पास पाकर बहुत खुश हुये और खुशी जाहिर करते हुए एसपी बेमेतरा एवं परपोडी पुलिस का हृदय से अभार व्यक्त किये। उक्त कार्यवाही में परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक बीआर ठाकुर, सउनि भलेन्तिनुस पन्ना, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक मोहित चेलक, महिला प्रधान आरक्षक पुनम ठाकुर, आरक्षक सौरभ सिंह, पीयुष सिंह, महिला आरक्षक प्रीति यादव एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# सरकारी अंग्रेजी स्कूलों में नहीं चलेगा आरटीई कानून

**राजनांदगांव** । मुख्यमंत्री के महत्वकांशी योजना स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को लेकर सरकार और जिला प्रशासन जितना उत्साहित दिख रही है, उतना पालकों और बच्चों में निराशा बढ़ते जा रही है, क्योंकि स्थानीय सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल में कक्षा पहली के लिए आए 1061 आवेदनों में लगभग 509 आवेदनों को अपात्र घोषित कर दिया गया है, लेकिन पालकों और बच्चों को इसकी कोई जानकारी किसी भी माध्यम से नहीं दिया गया है और सोमवार 9 मई सुबह 9 बजे ऑफ लाईन लॉटरी निकालने की तैयारी पूर्ण कर लिया गया है, जिसको लेकर पालको और बच्चों में भारी निराशा है। शिक्षा का अधिकार कानून के अंतर्गत प्रायवेट स्कूलों में भर्ती के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने नर्सरी के लिए उम्र 3 से 4 वर्ष, केजी-1 के लिए 4 से 5 वर्ष और कक्षा पहली के लिए 5 से 6 वर्ष 5 माह निर्धारित किया है, लेकिन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए उसी स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा पहली के लिए उम्र 5 वर्ष 6 माह से लेकर 6 वर्ष 6 माह निर्धारित किया है, जो आरटीई कानून का उल्लघंन है।

# लैलूंगा के अधिकारियों-कर्मचारियों का क्यों नहीं होता तबदला

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

**रायगढ़ जिले के विकास खण्ड लैलूंगा के लगभग सभी विभागों में पिछले कई वर्षों से शासकीय कर्मचारी एक ही जगह पर अंगद की पांव की तरह जड़े जमाये हुए हैं।**




इनका न तो स्थानान्तरण होता है और ना ही ये अधिकारी-कर्मचारी कभी टश से मश होते हैं। लैलूंगा के कई विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों का कभी कभार तबादला हो भी जाता है। पर अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी लैलूंगा आने के बाद कुण्डली मार कर बैठ जाते हैं वे यहां से और दुबारा कहीं जाना नहीं चाहते हैं। आपको बता दें कि लैलूंगा विकास खण्ड आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ-साथ जिला मुख्यालय रायगढ़ से काफी दूर होने के कारण यहां पर उच्च अधिकारियों का दबाव कम रहता है। जिसके कारण कोई भी लैलूंगा आने के बाद दूसरे स्थान पर जाना नहीं चाहते हैं। और इसी तरह कई अधिकारी और कर्मचारी पिछले कई वर्षों से लैलूंगा में बैठकर कंबल ओढ़कर धी पी रहे हैं। जो अंगद की पांव की तरह पैर पसारे हुए अधिकारी और कर्मचारी जितने भी हैं उन्हें अतिशिघ्र अन्यत्र स्थान पर तबदला करने की नितांत आवश्यकता है। तबदला नहीं होने के कारण अधिकारी तथा कर्मचारियों का मनोबल इतना अधिक बढ़ गया हैं कि वे आपने आपको सांसद, विधायक और मुख्यमंत्री तक की पहुंच होने की दंभ भरते हैं, जो की स्वयं भ्रष्टाचार में इस कदर डूबे हुए हैं और रसूख और राजनीतिक पहुंच होने का धौंस दिखाने पीछे नहीं रहते हैं। इन्हें तो छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुखिया ही समझा सकते हैं, ताजा उदाहरण आप सबके सामने हैं जो की नगर पंचायत लैलूंगा में भ्रष्टाचार के नाम पर मशहूर तथा सुर्खियां बटोर चुके लैलूंगा में पदस्थ मुख्य नगर पालिका अधिकारी का पिछले बार लैलूंगा से अन्यत्र स्थान पर स्थानान्तरण हो गया था।

जिसे लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने पुन: लैलूंगा में पदस्थापना करवा दिये जिससे की लैलूंगा नगर के स्थानीय कांग्रेस पार्टी में अभी भी तकरार की स्थिती बनी हुई है। वहीं लैलूंगा में कई दसकों से एक ही जगह पर कई वर्षों से उद्यान अधिकारी के पद पर जमें हुए उद्यान अधीक्षक का किसी अन्यत्र जिले में तबदला हो गया था । उनका पुन: लैलूंगा में पदस्थापना कराने में भी स्थानीय विधायक की अहम भूमिका रही है। ऐसे में क्षेत्र का विकास और भ्रष्टाचार पर भला कैसे लगाम लगाया जा सकता है। ऐसे ही लगभग कई दर्जन शासकीय कर्मचारी और अधिकारी हैं। जिनका कभी भी ट्रान्सफ र नहीं हो रहा है जिसके कारण अधिकारी एवं कर्मचारियों में प्रशासनिक डर लगभग समाप्त हो चुका है। जिसके कारण क्षेत्र के भोले-भाले आदिवासी ग्रामीणों की कोई भी काम का सुनवाई नहीं होने से लाचार और बेबस हैं। और वहीं दूसरी ओर शासकीय अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार की तूती बोल रही है।

# मोबाइल दुकान चोरी में धरमजयगढ़ पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## 3 चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।



मोबाइल दुकान में हुई चोरी के मामले में धरमजयगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिसमें 3 चोर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। मामला धरमजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सिसरिंगा की है। जहां मुख्य मार्ग किनारे सोनू मोबाइल दुकान में चोरों ने हाथ साफकर दिया था। 4 अप्रैल की रात्रि लगभग दो बजे चोरों ने सूनेपन का फायदा उठाकर घटना को अंजाम दिया था। सुबह जब मोबाइल दुकान संचालक दुकान खोलने गया तो दुकान को देखकर उसके होश उड़ गए। क्योंकि दुकान का ताला टूटा हुआ था। जब अंदर देखा तो नए पुराने मोबाइल सहित कुछ भी समान नहीं था। जिसके बाद दुकानदार ने धरमजयगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराया था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर ली थी। जिसके बाद मुखबिर के माध्यम से चोरों की पतासाजी में जुट गई। जिस पर पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ शुरू कर दिया। पूछताछ में आरोपी हस्त कुमार बंजाराए रवि बंजारा एवं प्रमोद कुमार बंसोड़ ने चोरी करना स्वीकार किया है। पकड़े गए चोरों के कब्जे से चोरी हुए ज्यादातर सामान बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि एक आरोपी युवक ने चोरी के मोबाइल को अपने प्रेमिका को गिफ्ट दिया था। जिसमें पुराने सिमकार्ड को निकालकर दूसरा सिमकार्ड डाला गया। जिससे फोरेंसिक टीम की मदद से आरोपी तक पहुंचने में सफलता मिली। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा ने बताया कि घटना के तीनों आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। वहीं इस घटना के बाद लैलूंगा थाने के ग्राम बगुडेगा में मोबाइल दुकान में हुई चोरी मामले में भी कुछ सुराग मिल सकती है।

# विधायक चक्रधर सिंह ने खैरपुर एवं सीतापुर में सांस्कृतिक मंच का किया लोकार्पण

जोहार छत्तीसगढ़-लैलूंगा।

**रायगढ़ जिले के ग्राम पंचायत खैरपुर के आश्रित ग्राम सीतापुर के मुख्य बस्ती में विधायक निधी से बनाई गई सार्वजनिक सांस्कृतिक मंच का लोकार्पण विधायक चक्रधर सिंह सिदार के हाथों से किया। ग्राम पंचायत की मांग रही की जल्द ही एक सांस्कृतिक मंच गांव में बने जिसे देखते हुए विधायक चक्रधर सिंह ने मंच बनवाये जानें को लेकर स्वीकृति प्रदान की थी।**



जिसका निर्माण कार्य पूरा होने पर विधायक चक्रधर सिंह को मंच के लोकार्पण करने हेतु आमंत्रित किया गया था। विधायक चक्रधर सिंह के खैरपुर एवं सीतापुर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया गया। मंच लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विधायक चक्रधर सिंह सिदार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों ने उनसे गांव में मंच निर्माण की मांग की थी। मंच बन जाने से गांव के लोगों को सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सार्वजनिक हित के कार्य से संतुष्टि मिलती है। आगे भी विकास कार्य कराने का वायदा किया है। इस दौरान उन्होने गांव की आम जनता से सीधे मुलाकात की और ग्राम वासियों की प्रमुख समस्याओं से रूबरू होते हुए जल्द ही समस्या का निराकरण करने का आश्वाशन दिया। ग्राम पंचायत खैरपुर के आश्रित ग्राम सीतापुर में पधारे विधायक चक्रधर सिंह से ग्राम वासियों ने बिजली, पानी और नाली निर्माण की मांग की। जिसे बड़े गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक मांग को एक-एक मांग जल्द ही पूरा करने की बात विधायक द्वारा कहा गया है। इस दौरान जब विधायक सिंह को जानकारी दी गई की गांव का ही एक मजदूर जो कुछ महीने पहले निर्माण कार्य के दौरान बुरी तरह घायल हो गया था, जिसकी रीड की हड्डी और पैर में गंभीर चोट लगी थी। जिसका उपचार कई दिनों से चल रहा है, इस बात की खबर मिलते ही विधायक ने मानवता का परिचय देते हुए पीड़ित से मुलाकात की वहीं उन्होनें मजदूर से कहा की सरकारी इलाज में किसी भी प्रकार की कमी होगी। वार्तालाप के दौरान मजदूर को आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान भुपेश बघेल सरकार की जन हितैषी योजनाओं और कांग्रेस की विचार धारा से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत के मुखिया सरपंच श्याम सुंदर राम, हरि शंकर तिवारी पंच, ज्योति यादव पंच, प्रतिमा गुप्ता, सहित ग्राम पंचायत खैरपुर के आश्रित ग्राम सीतापुर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवाओं ने विधायक चक्रधर सिंह के उपस्थिति में कांग्रेस प्रवेश किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चक्रधर सिंह सिदार व विशिष्ठ अतिथि महेश शर्मा, श्याम सुंदर, रवि यादव सरपंच ग्राम सरपंच पंचायत खैरपुर, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रायगढ़ ग्रामीण, युवा नेता वीरेंद्र चौहान, केशव गुप्ता, जय कुमार यादव, पुरन यादव, पूर्व सरपंच श्याम बंधु बैरागी सहित ग्राम पंचायत वासियों की उपस्थिति थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक **-नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in